पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 264 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज   गुरूवार 20 जनवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बीजेपी ने दिखाई गठबंधन की ताकत

### यूपी में निषाद पार्टी और अपना दल के साथ लड़ेगी भाजपा, जेपी नड्डा का एलान, सीटों पर बनी सहमति



**नई दिल्ली**

**पांच** राज्यों में विधानसभा चुनावों को लेकर बुधवार को भाजपा की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक हुई। इसमें कई फैसले लिए गए। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, अनुराग ठाकुर, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य नेताओं ने भाग लिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में फैसला लिया गया है कि भाजपा, निषाद पार्टी और अपना दल उत्तर प्रदेश में गठबंधन कर चुनाव लडेगी। भाजपा की दोनों पार्टियों के साथ सीट को लेकर चर्चा हुई है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हम सब एकसाथ मिलकर 403 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में अपने साथियों के साथ चुनाव में उतर रही है। लोकसभा चुनाव में भी हम सब साथ उतरे थे और 2022 के विधानसभा चुनाव में भी अपना दल और निषाद पार्टी के साथ मिलकर भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 403 सीटों पर उतरेंगे। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के विकास में एक नई छलांग लगाई है और प्रदेश के विकास को गति दी है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों में मोदी जी के आशीर्वाद से योगी जी के द्वारा बहुत काम किया गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पांच साल पहले पलायन हो रहा था, गुंडागर्दी हो रही थी, अपहरण हो रहे थे, सरकार के सहयोग से माफिया पनप रहे थे। भाजपा सरकार के पिछले पांच साल की सरकार में ये सभी अराजक चीजें समाप्त हो गई हैं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। इसके साथ ही भाजपा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में फिर एक बार, एनडीए 300 पारङ्क का नारा भी दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सोच इमानदार और काम दमदार है। हमनें जो कहा था उसे पूरा किया।

### 'विकास' और 'सामाजिक न्याय' के बीच हुआ अलायंसः अनुप्रिया

**अपना** दल कि अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मेरा यह मानना है कि भाजपा के साथ अपना दल और निषाद पार्टी का यह गठबंधन विकास और सामाजिक न्याय के बीच का अलायंस है। एनडीए का यह गठबंधन विकास और सामाजिक न्याय के बीच का एक काकटेल साबित हुआ है। उत्तर प्रदेश को दोनों की विकास और सामाजिक न्याय दोनों की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने काफी विकास किया है। एनडीए की सरकार ने ओबीसी कमशिन की वर्षों पुरानी लंबित मांग को पूरा किया है। वहीं विपक्षी दलों ने ओबीसी के लिए कुछ नहीं किया केवल राजनीति की।



### भाजपा ने आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने का काम कियाः संजय



**निषाद** पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने कहा कि भाजपा ने आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने का काम किया। यही नहीं मैं भारतीय जनता पार्टी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने मत्स्य मंत्रालय को अलग किया और गरीबी की मार झेल रहे मछुआरा समाज के लिए मुफ्त बीमा की सहूलियत दी। यह पहली बार हुआ है कि मत्स्य मंत्रालय की ओर से मछुआरों के कल्याण के लिए 20 हजार करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। विपक्ष को यूपी की जनता की कोई चिंता नहीं है। भाजपा अध्यक्ष के साथ दोनों दल के प्रमुखों के बयानों से साफ हो गया है कि तीनों पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है।

## सुप्रीम कोर्टः विस से निलंबित 12 भाजपा विधायकों पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित 12 भाजपा विधायकों की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों से एक हफ्ते में अपनी दलीलों पर लिखित नोट दाखिल करने का निर्देश दिया है। 11 जनवरी को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा की ओर से एक साल के लिए निलंबित 12 भाजपा विधायकों को निलंबित किए जाने को निष्कासन से भी बदतर करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि एक साल के दौरान निर्वाचन क्षेत्र का कोई प्रतिनिधित्व नहीं हुआ। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि नियमों के मुताबिक विधानसभा के पास किसी सदस्य को 60 दिनों से अधिक निलंबित करने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने संविधान की धारा 190(4) का हवाला देते हुए कहा था कि अगर कोई सदस्य सदन की अनुमति के बिना 60 दिनों की अवधि तक अनुपस्थित रहता है तो वह सीट खाली मानी जाएगी। ऐसे में यह फैसला निष्कासन से भी बदतर है। कोई भी इन निर्वाचन क्षेत्रों का सदन में प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता है जब वे वहां नहीं हैं। यह सदस्य को दंडित नहीं कर रहा है बल्कि पूरे निर्वाचन क्षेत्र को दंडित कर रहा है। 14 दिसंबर, 2021 को कोर्ट ने निलंबित 12 भाजपा विधायकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र विधानसभा के सचिव और महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया था। इन विधायकों ने अपनी याचिका में स्पीकर की ओर से दुर्व्यवहार के मामले में की गई कार्रवाई को जरूरत से ज्यादा कठोर बताया है। याचिका में कहा गया है कि लोकतंत्र में पक्ष-विपक्ष में बहस होती रहती है। महाराष्ट्र में विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि स्पीकर को 12 विधायकों को अपना स्पष्टीकरण देने का अवसर देना चाहिए था। सत्तारूढ़ दल के कुछ विधायक भी स्पीकर के कक्ष में मौजूद थे। याचिका में कहा गया है कि एक साल के लिए सदन से निलंबित करने का फैसला जरूरत से ज्यादा कठोर है। ऐसा करना केवल विपक्ष की ताकत को कम करने के लिए की गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले 6 जुलाई को महाराष्ट्र विधानसभा के अंदर और बाहर स्पीकर के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में भाजपा के 12 विधायकों को विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित किया गया था।

**संक्षिप्त खबरें**

### उप्र चुनावः भाजपा ने 30 स्टार प्रचारकों की जारी की सूची

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांसद हेमा मालिनी समेत पार्टी ने प्रथम चरण के मतदान के लिये 30 स्टार प्रचारकों की सूची बुधवार को जारी कर दी है। भाजपा की ओर से जारी स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी. नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उप्र भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय मंत्री एवं उप्र चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का नाम शामिल है। अन्य महत्वपूर्ण नामों में उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा के साथ-साथ संजीव बाल्यान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेंद्र नागर, जनरल वी.के. सिंह, चौधरी भूपेंद्र सिंह, बी.एल. वर्मा, राजवीर सिंह "राजू भैया", एस.पी. सिंह बघेल, साध्वी निरंजन ज्योति, कांता कर्दम, रजनीकांत माहेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र कश्यप, जे.पी.एस. राठौड़, भोला सिंह खटीक शामिल हैं। सभी नेता प्रथम चरण के मतदान के लिये भाजपा के पक्ष में प्रचार करेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 11 जिलों की 58 सीटों पर मतदान होना है। इसमें गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, हापुड़, बुलंदशहर, मथुरा, आगरा और अलीगढ़ शामिल हैं।

### शिवसेना-एनसीपी अब गोवा में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ेगी

**मुंबईः** महाराष्ट्र में साथ मिलकर सरकार बनाने वाली शिवसेना-एनसीपी अब गोवा में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ेगी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने बुधवार को गोवा में गठबंधन का ऐलान किया है। बुधवार को संजय राउत ने कहा, "गोवा में एनसीपी और शिवसेना एक साथ चुनाव लड़ेंगे। हमने कांग्रेस के साथ चर्चा की थी, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

## भाजपा में शामिल हुईं मुलायम की बहू अपर्णा यादव

### अपना परिवार नहीं संभाल पाए अखिलेश यादवः डिप्टी सीएम



**लखनऊ**

सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव बुधवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर अपर्णा ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से बेहद प्रभावित रही हैं। आगे पार्टी जो भी जिम्मेदारी तय करेगी वह उसे निभाएंगी। इस मौके पर केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर तंज भी कसा और कहा कि अखिलेश यादव अपना परिवार नहीं संभाल पाए हैं। केशव ने कहा कि हम अपर्णा का अपने भाजपा परिवार में स्वागत करते हैं। वह समय-समय पर भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन करती रही हैं। केशव कहा कि अखिलेश यादव चुनाव में हार से इतने भयभीत हैं कि वह लड़ने के लिए विधानसभा सीट तक नहीं तय कर पा रहे हैं। वो कहते हैं कि विकास किया है। अगर विकास किया है तो उसी सीट से चुनाव लड़ें, जहां विकास किया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अपर्णा लखनऊ कैंट सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में भी वह इसी सीट से चुनावी मैदान में थीं। हालांकि, उन्हें हार मिली थी। इसी सीट पर भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने भी अपने बेटे के लिए भाजपा से टिकट मांगा है। उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर यह नियम है कि किसी सांसद के बेटे को टिकट नहीं दी जाएगी तो मैं प्रयागराज लोकसभा सीट से इस्तीफा भी देने के लिए तैयार हूं।

## पंजाबः 24 घंटे बाद ईडी की कार्रवाई खत्म



**चंडीगढ़**

पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मोहाली, लुधियाना और पंचकूला समेत 12 जगहों पर मंगलवार सुबह शुरू की गई छापेमारी बुधवार तड़के खत्म हो गई। सूत्रों की मानें तो छापेमारी के दौरान ईडी ने 6 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी और संदिग्ध लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेज भी बरामद किए हैं। रेत माफिया कुदरतदीप समेत कई अन्य के खिलाफ मंगलवार दिन भर चली छापेमारी के दौरान ईडी ने 4 करोड़ की नकदी और कई जाली दस्तावेज बरामद किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। ईडी को उम्मीद है कि दस्तावेजों की जांच के बाद कई बड़े नामों का खुलासा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को ईडी ने अवैध रेत खनन में शामिल कंपनियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए पंजाब में 12 जगहों पर छापेमारी की, जिनमें पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी के भतीजे भूपिंद्र सिंह हनी का लुधियाना के शहीद भगत सिंह नगर स्थित आवास भी शामिल है।

## कोरोना काल की ऋण भुगतान से जुड़ी राहत योजना के लिए 973.74 करोड़ की मंजूरी

**नई दिल्ली**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल कोरोना काल में छह महीने के लिए ब्याज अदायगी से राहत देने के लिए दी गई छूट के एवज में ऋणदाताओं को चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के अंतर की अदायगी से जुड़े 973.74 करोड़ के दावों के भुगतान को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनुग्रह भुगतान की योजना के तहत ऋणदाता संस्थानों (एलआई) द्वारा प्रस्तुत शेष दावों से संबंधित भुगतान को मंजूरी प्रदान की।किन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। कोविड-19 महामारी के चलते ऋण खातों (1 मार्च, 2020 से 31 अगस्त, 2020) में उधारकताओं को छह महीने के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच अंतर के अनुग्रह भुगतान की योजना को अक्टूबर, 2020 में कैबिनेट ने मंजूरी दी थी।

## एमपीः हिंदुओं के पलायन से हिली सरकार

### रतलाम एसपी-कलेक्टर फोर्स के साथ गांव पहुंचे; गृहमंत्री बोले- प्रदेश में कोई डर का माहौल नहीं बना



**रतलाम/भोपाल**

रतलाम जिले में हिंदुओं के गांव छोड़कर जाने की चेतावनी से सरकार में हड़कंप मच गया। एसपी-कलेक्टर बुधवार सुबह भारी फोर्स के साथ सुराना गांव पहुंच गए। यहां दोनों धर्म के लोगों से बात की। अफसरों ने चौपाल में कहा कि गांव में पुलिस चौकी बनेगी। जिन लोगों पर तीन अपराध दर्ज हैं, उन्हें जिलाबदर किया जाएगा। एक महीने में सभी अवैध कब्जे तोड़े जाएंगे। इधर, गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि वह पीड़ितों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन से बात करेंगे। मध्यप्रदेश शांति का टापू है, यहां कोई भी भय का वातावरण नहीं फैला सकता है। सुराना गांव के हिंदुओं ने मुस्लिमों की प्रताड़ना से तंग आकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट जाकर गांव छोड़ने की चेतावनी दी थी। बुधवार सुबह कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी सहित प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा। गांव में लगी चौपाल में हिंदुओं का गुस्सा पुलिस प्रशासन पर दिखा। सभी ने एक स्वर में पुलिस कार्रवाई नहीं होने से परेशानी बढ़ने की बात कही। कलेक्टर ने सभी से चर्चा के बाद कहा कि गुंडा कोई भी हो, कितना भी मजबूत दिखाता हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। सुराना के हिंदुओं ने कहा था कि प्रशासन मुस्लिमों से बचाए, वरना तीन दिन में गांव छोड़ देंगे।

## आतंकियों का सीआरपीएफ के जवानों पर हमला



**श्रीनगर**

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों ने आज यानि बुधवार शाम को सीआरपीएफ की 40वीं बटालियन के जवानों पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में किसी भी जवान के घायल होने का समाचार नहीं है। इस घटना के तुरंत बाद सीआरपीएफ के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए आतंकियों के खिलाफ फायरिंग शुरू की तो आतंकी भाग खड़े हुए। फिलहाल आतंकियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान जारी था। यहां यह बता दें कि बुधवार को ही पुलवामा और अवंतीपोरा पुलिस ने सेना की 55 राष्ट्रीय राइफल और सीआरपीएफ के साथ संयुक्त तलाशी अभियान चलाते हुए अवंतीपोरा के बंदरपोरा में एक बाग के बीचोबीच बनाई गई छिपने की जगह का भंडाफोड़ किया है। फिलहाल पुलिस ने सुरक्षाबलों की मदद से आतंकियों की पनाहगाह को ध्वस्त करते हुए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान छेड़ा है। बुधवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिला में एफगली गली केपी रोड के समीप बनाए गए सीआरपीएफ के बंकर में आतंकियों ने अचानक फायरिंग कर दी। इस हमले के तुरंत बाद आतंकी घटनास्थल से भागने में कामयाब रहे। हालांकि इस हमले में कोई भी सीआरपीएफ का जवान घायल नहीं हुआ है। एक सीआरपीएफ अधिकारी ने बताया कि तीन से चार बुलेट बंकर पर आतंकियों की ओर से मारे गए। इस हमले के तुरंत बाद क्षेत्र में जगह-जगह तलाशी अभियान जारी है। अलबत्ता अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## गुलाम कश्मीर के निवासी की गुहार, जुल्म से निजात दिलाओ मोदी सरकार

**मुजफ्फराबाद**

पाकिस्तान के कब्जेवाले गुलाम कश्मीर के निवासियों ने स्थानीय प्रशासन के जुल्म से निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुहार लगाई है। भारत की ओर मदद की आस लगाए देखने वाले मलिक वसीम और उसके बीवी-बच्चों को पीओके प्रशासन ने उनके घर से बाहर निकाल दिया है। अब इस हाड़ तोड़ ठंड ने पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को विवश है। वायरल हो चुके एक वीडियो में मलिक वसीम को भारत से मदद मांगते देखा जा सकता है। ताकि उसे और उसके परिवार को मुजफ्फराबाद के प्रशासन की क्रूरता से बचाया जा सके।




**पुलिस प्रशासन ने घर को किया सीलः** सड़क किनारे एक चारपाई पर बैठे उसके बीवी-बच्चों के साथ मौजूद मलिक वसीम ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने उनके घर को सील कर दिया है। मुजफ्फराबाद में सूत्रों का कहना है कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से उस व्यक्ति के घर और जमीन पर कुछ प्रभावशाली लोगों का कब्जा हो चुका है। उस आदमी का कहना है कि वह जमीन भारत की है और उसका मालिकाना हक गैर मुसलमानों और सिखों के पास है।

**बीवी बच्चों समेत किए गए बेघरः** सूत्रों का कहना है कि हजारों नागरिक अपने बीवी बच्चों समेत बेघर कर दिए गए हैं। उनके मकानों को सील कर दिया गया है और वह लोग खराब मौसम में भी सड़क पर रहने को मजबूर हैं। पीओके में कई लोगों को प्रशासन ने बलपूर्वक उनके घरों से निकाल दिया है।

### अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर 28 फरवरी तक बरकरार रहेंगे कोविड प्रतिबंध

**नई दिल्लीः** दुनियाभर में कोरोना के मामलों में एक बार फिर बढ़ोत्तरी के चलते अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लगे कोविड प्रतिबंधों को 31 जनवरी से बढ़ाकर 28 फरवरी तक कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की ओर से बुधवार को जारी सर्कुलर के मुताबिक सक्षम प्राधिकार ने भारत आने वाली और यहां से जाने वाली सभी तय अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री सेवाओं के निलंबन को 28 फरवरी मध्य रात्रि तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# माघ मेला में पानी से त्राहि त्राहि, गंगा का जल स्तर बढ़ने व कटान से शिविरों में घुसा पानी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम तीरे जप-तप करने आए साधु-संतों और कल्पवासियों को गंगा के पानी ने ही परेशान कर दिया है। गंगा का जल स्तर बढ़ने और कटान से सेक्टर दो और तीन में चार दर्जन से अधिक शिविरों में पानी भर गया है। प्रभावित लोगों ने अपने सामान को दूसरे के शिविरों में पहुंचाने के लिए दिनभर मशक्कत किया। पानी बढ़ने से कटान तेज हो गई है। पीपा पुलों के पास कटान रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से बोरी में बालू भर कर मेड़ बनाई जा रही है। इससे पहले मंगलवार को जलस्तर बढ़ने और कटान होने से पुल नंबर दो त्रिवेणी पर दिन भर आवागमन बंद कर दिया गया। बुधवार को कटान से तमाम शिविरों तक पानी पहुंचने पर कल्पवासी बाहर आकर खड़े हो गए। प्रशासन के साथ ही पीडब्लूडी और सिंचाई विभाग की टीम भी पहुंची।



शिविरों में घुसा गंगा का पानी



पानी बढ़ने से शिविर के पास तक बढ़ गया कटान

## 77 मीटर के पार हो गया गंगा का जलस्तर

सिंचाई विभाग के अनुसार माघ मेला के दौरान संगम क्षेत्र में अक्सर 74 से 75 मीटर के आसपास जलस्तर रहता है। लेकिन इस बार फाफामऊ का जलस्तर मेला शुरू होने के दस दिन पहले से ही 75 मीटर के पार रहा। मंगलवार को ही जलस्तर 77 मीटर के पार पहुंच गया था जिसमें बुधवार को भी कमी नहीं आई।

## 44 संस्थाओं का बदला गया स्थान

माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर दो स्थित गंगदीप में शिविरों में पानी भर गया। इससे 44 संस्थाएं प्रभावित हुई। कमिश्नर संजय गोयल के निदेशों पर मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे अरविंद कुमार चौहान ने इन सभी को सेक्टर पांच में स्थापित कराया। इस सेक्टर में सभी संस्थाओं के लिए बिजली, पानी जैसी अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त गंगदीप में स्थापित प्रयागवाल के प्रभावित लोगों को भी सेक्टर पांच में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## कानपुर बैराज से प्रतिदिन 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने से बढ़ी है मुसीबत

**प्रयागराज।** सोमवार को भोर से संगम क्षेत्र में तेजी से जलस्तर बढ़ने लगा था। यह सिलसिला मंगलवार के बाद बुधवार को भी जारी रहा। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संगम क्षेत्र में जलस्तर चार दिनों तक इसी तरह से बढ़ता रहेगा। कानपुर बैराज से गंगा में 20 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। यह पानी अब प्रयागराज पहुंच रहा है। इस पानी के आने से कटान बढ़ गया और शिविर में भी पानी घुस गया। जलस्तर बढ़ने से पांटून पुलों पर खतरा मंडराने लगा। त्रिवेणी और काली पुल पर झूंसी की तरफ कटान होने लगा। त्रिवेणी पुल के सामने ज्यादा पानी भरा तो उस पर से दिनभर आवागमन बंद रखा गया। पीडब्ल्यूडी की जूनियर इंजीनियर श्वेता सिंह ने बताया कि त्रिवेणी पुल के सामने से चकर्ड प्लेट हटाकर दोबारा मिट्‌टी डालकर रास्ता तैयार किया गया है। शाम को आवागमन शुरू कर दिया गया था लेकिन बुधवार को स्थिति और खराब होती गई ।

# कौशांबी के युवक को फतेहपुर अदालत ने सुनाई फांसी की सजा

अखंड भारत संदेश

**मासूम बालिका के साथ रेप के बाद हत्या करने के आरोपी पर अदालत ने 75 हजार का लगाया अर्थदंड हैवानियत करने वाले युवक को फांसी की सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले कोतवाल संतोष शर्मा की इन दिनों चरवा कोतवाली में है तैनाती**

**कौशाम्बी।** फतेहपुर जनपद के खागा कोतवाली अंतर्गत सुजरही गांव के दिनेश पासवान पुत्र महावीर उर्फ लंबू पासी ने एक मासूम बालिका को अपहरण कर रेप करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी मामले में खागा कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 351 सन 2021 में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है मुकदमे की विवेचना इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ने की और आरोपी के विरुद्ध अदालत में चार्जशीट दाखिल किया मासूम बालिका का अपहरण कर रेप करने के बाद हत्या करने वाला युवक कौशांबी जिले के कड़ा धाम कोतवाली अंतर्गत म्योहरा दारा नगर में रह रहा है सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी पर 75 हजार रुपए अर्थदंड के साथ मृत्युदंड की सजा सुनाई है उच्च न्यायालय की पुष्टि के बाद दोषी दिनेश पासवान को मृत्युदंड दिया जाएगा अदालत ने अपने फैसले में लिखा है कि दोषी दिनेश पासवान को तब तक फांसी पर लटकाया जाए जब तक उसकी मौत ना हो जाए।

# अच्छी मां हो सकती हैं लेकिन अच्छी सांसद नहीं : योगेश शुक्ला

## लोकतंत्र की कमजोर होती कड़ियां देश की जनता के लिए चिंता का विषय

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी के टिकट के लिए इलाहाबाद की संसद सदस्यता से इस्तीफा देने का प्रस्ताव अपनी पार्टी को भेजने पर इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में उनके प्रतिद्वंदी रह चुके श्री शुक्ला ने आश्चर्य और निराशा व्यक्त की है।

श्री शुक्ला ने कहा कि मुझे आश्चर्य होता है कि दशकों से राजनीति में रहने वाली एक नेता कैसे अपने पुत्र के सपनो के लिए इलाहाबाद के लाखों मतदाताओं के सपनों और दायित्वों से अपने आप को कार्यकाल के बीच में ही अलग करने की सोच सकती हैं । वह समझ नहीं पा रहे है कि रीता जी जनता के लिए राजनीति करती है या अपने परिवार के लिए कउन्होंने कहा रीता जी जब चुनाव में आई थी तो उन्होंने इलाहाबाद की जनता से वादा किया था कि मैं अगले 5 साल तक यहां के लोगों के हर सपने को पूरा करूँगी, ऐसे में वह कैसे अपने बेटे के सपनों के लिए इलाहाबाद की जनता को बीच में छोड़ कर जा सकती हैं। श्री शुक्ला ने कहा रीता जी के इस प्रस्ताव से उनकी पार्टी के नेताओ पर कोई असर पड़ा हो या ना पड़ा हो, लेकिन इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र की जनता आज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही हैकआज ये साबित हो रहा है कि वो एक अच्छी माँ हो सकती हैं लेकिन एक अच्छी सांसद कभी नहीं



।इस संदर्भ में श्री शुक्ला ने कहा कि सार्वजनिक एवं राजनैतिक जीवन में एक आदर्श वाक्य चलता है कि ह्यव्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देशह्ल । हर राजनैतिक नेता को ये समझना चाहिए कि इस राजनैतिक वाक्य का सीधा अर्थ यह है कि जब हम कहते है कि दल से बड़ा देश, तो देश का मतलब होता है कि देश की जनता, फिर वो चाहे एक विधानसभा क्षेत्र, संसदीय क्षेत्र, प्रादेशिक या संपूर्ण देश की जनता हो। श्री शुक्ला ने यह भी कहा कि हर नेता की राजनीति का केंद्र बिंदु उस जनता का संपूर्ण कल्याण होना चाहिए जिस भौगोलिक क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व हम सांसद या विधायक होने के नाते करना चाहते हैं या करते हैं। उन्होनें आगे कहा, लोकतंत्र की कई कड़ियां कमजोर होती जा रही हैं जो इस देश की जनता और राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए क इस देश के राजनेताओं राजनीतिक दलों और जनता को मिलकर उच्च राजनैतिक आदर्शों की तरफ बढ़ना चाहिए , इसी में वर्तमान और भावी पीढ़ी का कल्याण होगाकजी द्वारा अपने बेटे के टिकट के लिए इलाहाबाद की संसद सदस्यता से इस्तीफा देने का प्रस्ताव अपनी पार्टी को भेजने पर इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में उनके प्रतिद्वंदी रह चुके श्री शुक्ला ने आश्चर्य और निराशा व्यक्त की हैक

श्री योगेश शुक्ला ने कहा कि मुझे आश्चर्य होता है कि दशकों से राजनीति में रहने वाली एक नेता कैसे अपने पुत्र के सपनो के लिए इलाहाबाद के लाखों मतदाताओं के सपनों और दायित्वों से अपने आप को कार्यकाल के बीच में ही अलग करने की सोच सकती हैं। श्री शुक्ला ने यह भी कहा कि हर नेता की राजनीति का केंद्र बिंदु उस जनता का संपूर्ण कल्याण होना चाहिए जिस भौगोलिक क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व हम सांसद या विधायक होने के नाते करना चाहते हैं या करते हैं। उन्होनें आगे कहा, लोकतंत्र की कई कड़ियां कमजोर होती जा रही हैं जो इस देश की जनता और राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए क इस देश के राजनेताओं राजनीतिक दलों और जनता को मिलकर उच्च राजनैतिक आदर्शों की तरफ बढ़ना चाहिए , इसी में वर्तमान और भावी पीढ़ी का कल्याण होगा।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा, पुलिस जांच के सुबूतों की नहीं कर सकते उपेक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि किसी अभियुक्त को जमानत देते समय शर्तों का पालन किया जाना चाहिए। पहली आरोपित के अपराध में लिप्त नहीं होने के उचित आधार से कोर्ट संतुष्ट हो और दूसरा जमानत पर छूटने के बाद वह अपराध नहीं करेगा। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी लोक सेवक का साक्ष्य इसलिए उपेक्षित नहीं किया जा सकता कि वह पुलिस अधिकारी है। कहा कि अभियुक्त के कब्जे से मादक पदार्थ की बरामदगी न होने मात्र से यह नहीं कह सकते कि वह अपराध में लिप्त नहीं है। लंबे समय से जेल में रहना भी जमानत पर रिहाई का एक मात्र आधार नहीं हो सकता। इसके साथ कोर्ट ने 1025 किलो गांजा तस्करी के आरोपित शंकर वारिक उर्फ विक्रम की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।कोर्ट ने कहा कि सरकार ने बाजार में खतरनाक ड्रग्स के फैलाव को रोकने के लिए एनडीपीएस कानून बनाया है। इसकी धारा-37 की शर्तें पूरी न होने पर आरोपित जमानत पाने का हकदार नहीं होगा। कोर्ट ने जमानत देने से इन्कार करते हुए कोर्ट को छह माह में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने दिया है। मामले के अनुसार 27 मई 2020 को मुखबिर से सूचना मिली कि टीकमगढ़ से झांसी के मऊरानीपुर की तरफ गांजा दो ट्रकों में लाया जा रहा है। सुबह से टीम खादियान क्रासिंग पर पहुंच गई। शाम साढ़े छह बजे याची व अन्य अभियुक्तों को ट्रक से गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। ट्रकों को जब्त कर लिया गया। याची का कहना था कि वह निर्दोष है। उसके कब्जे से गांजा बरामद नहीं हुआ है। कोरोना के कारण साधन नहीं मिला तो ट्रक से यात्रा कर रहा था। गांजा की उसे जानकारी नहीं थी। कोई स्वतंत्र गवाह भी नहीं है। कानून का पालन नहीं किया गया है। कोर्ट ने कहा तथ्य के मुद्दे ट्रायल के समय साक्ष्य पर तय होंगे। याची पर आरोप गंभीर है। जमानत पर रिहा होने का हकदार नहीं है।

## न्यूज झरोखा

### नाबार्ड वित्तीय समावेश निधि के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक आयोजित कर किया जागरूक




**जसरा।** विकास खंड जसरा में नावार्ड के वित्तीय समावेश निधि के अन्तर्गत एक दिवसीय नुक्कड़ नाटक एवं जादूगर के माध्यम से क्षेत्रीय किसानों को जागरूक किया गया है। क्षेत्रीय सहकारी समिति बारा,किसान सेवा सहकारी समिति जसरा के साथ ही जोरवट साधन सहकारी समिति में नावार्ड के वित्तीय समावेश निधि के अन्तर्गत किसानों को साहूकारों से सजग रहने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बताया कि सहकारी समितियों में अपना अपना शून्य बैलेंस से खाता खुलवाकर तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर कर्ज लेकर खेती करने को कहा है। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कर्ज लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संदीप सोनकर, सुनील कुमार मिश्र,श्रद्धा नंद पांडेय,आलोक पाठक,बारा सचिव ज्ञानेंद्र पाठक, जसरा सचिव विजयराज यादव,राकेश तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### भाजपा पन्ना प्रमुख का हुआ सम्मेलन



**सहसों।** फरवरी माह में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बखूबी तैयारियों के लिए गांव-गांव शक्ति केंद्रों पर पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन करके तैयारियों का जायजा एवं चुनावी रणनीति बना रहे हैं। इसी संदर्भ में बुधवार को गुलालपुर शक्ति केंद्र में कांदी गांव के पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह मौजूद होकर कार्यकर्ताओं से हालचाल जाना एवं बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, पन्ना प्रमुखों से ईमानदारी और कर्मठता के साथ तन मन से तैयारी में लग जाने के लिए प्रेरित किया। जिससे मिशन 2022 में बड़ी सफलता हासिल हो सके। इस मौके पर विधानसभा विस्तारक विकास राय, सहसों मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज , मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला , शक्ति केंद्र संयोजक राकेश विश्वकर्मा , बूथ अध्यक्ष विनोद सिंह, विजय गुप्ता , मनीष दुबे, ऋषिकेश त्रिपाठी, मनोज कुशवाहा, मानिक चंद्र पाल एवं पन्ना प्रमुखों सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वैक्सीन की दूसरी डोज के लिए लोगों को किया गया जागरूक

**करछना।** क्षेत्र के हथिगन ग्राम सभा में बुधवार को वैक्सीनेशन का कैम्प लगाया गया जिसमे पहला डोज 35 दूसरा डोज 14 के अलावा 15 वर्ष के 13 लोगों को लगाया गया मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहुओं से कोरोना की दूसरी डोज के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। ग्राम विकास अधिकारी अनिल सिंह ने कहा तीसरी लहर से बचने के लिए कोविड गाइडलाइन का पालन जरूरी है। ग्राम प्रधान संजय भारतीया ने सभी को जागरूक होने के साथ तीसरी लहर से बचने पर जोर दिया इस मौके पर एनम कंचन सिंह, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार, मीता कुशवाहा आंगनबाड़ी, अलका पांडे आंगनबाड़ी, समाजसेवी मोहम्मद सोनू, मोहम्मद हसीन आंगनबाड़ी, शिमला आशा आदि रहे।

# स्वर्णकार समाज एकजुट होकर समाज के लोगों कों भेजें विधानसभा तभी विकास संभव : विकास सोनी

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** सामाजिक कार्यो से व्यक्ति धन -धान्य से परिपूर्ण होता हैं इसके साथ ही व्यक्ति का यश भी दोगुना होता हैं उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम स्वर्णकार युवा क्रांति मंच के प्रदेश सचिव विकास सोनी ने युवाओं के प्रोत्साहन में व्यक्त किये।इस अवसर युवा समाजसेवी विकास सोनी ने यह भी कहा कि जब तक स्वर्णकार समाज एकजुट होकर राजनीति में भाग नहीं लेंगा तब तक स्वर्णकार समाज का पतन होता रहेगा इसलिए समाज के सभी नौजवानों, छात्रों से अपील हैं कि सभी लोग एकजुट होकर अपने लोगों कों पंचायत से लेकर लोकसभा, विधानसभा तक भेजनें का अटूट संकल्प लें। युवा समाजसेवी विकास सोनी के मुताबिक स्वर्णकार क्रांति मंच के नेतृत्व में आगामी 22जनवरी कों खिचड़ी वितरण भंडारे का आयोजन सुनिश्चित किया गया हैं उक्त अवसर पर पदाधिकारी सहित आमजनों से शिरकत करने की अपील किया गया हैं। युवा समाजसेवी विकास सोनी ने उक्त अवसर पर शिक्षा कों बदलाव का अहम हथियार के रूप में स्वीकार करते हुए एक जून की रोटी भले नसीब न हों किन्तु अपने बच्चों कों उच्च शिक्षा प्रदान करने का अटूट संकल्प लेना होगा। श्री विकास सोनी रक्तदान दान, निर्धन बच्चों में कापी बैग वितरण सहित दो से अधिक बार जरुरतमंद लोगों कों रक्तदान भी कर चुके हैं।श्री सोनी केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एन सी सी कैडेट रहकर भी विभिन्न सामाजिक कार्य कर चुके हैं। राजकुमार सोनी, संदीप सोनी समेत अनेकों पदाधिकारी रहे।

# रेलवे ट्रैक पर फर्जी बम रखने में सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर दो संदिग्ध युवक



संदिग्ध से पूछताछ करती पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रेलवे अंडर पास ब्रिज के नीचे ह्यडिब्बा बमह्ल और खत रखकर सनसनी फैलाने के मामले में सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर दो संदिग्ध व्यक्ति आ गए हैं। दोनों को पूछताछ के लिए उठा लिया गया है और उनकी हैंड राइटिंग का मिलान भी करवाया जा रहा है। अब तक तफ्तीश में नकली बम प्लांट कर दहशत फैलाने वालों के बारे में ठोस सुराग नहीं मिला है, मगर यह संकेत जरूर मिले हैं कि आरोपित यमुनापार इलाके के निवासी हो सकते हैं। इसी आधार पर छानबीन में स्थानीय पुलिस के अलावा एसओजी और सर्विलांस टीम को भी लगा दिया गया है। पुलिस की कोशिश है कि ऐसी कारगुजारी करने वाले शख्स को जल्द पकड़ लिया जाए।

## लेप्रोसी चौराहे के पास अंडर पास के नीचे रखा था पहले बोतल बम

सबसे पहले नैनी में लैप्रोसी चौराहे के पास स्थित रेलवे अंडर पास ब्रिज के नीचे नकली बम मिला था। उसके साथ हाथ से लिखी एक चिट्ठी भी पाई गई थी, जिसमें रेलवे से आठ करोड़ रुपये की मांग की गई थी। इसी घटना की तहकीकात चल ही रही थी कि मेजा और फिर मांडा में ऐसा ही मामला सामने आया। दोनों ही जगह रेलवे के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिल्ली-हावड़ा रूट पर बने रेलवे अंडर पास ब्रिज पर नकली बम व खत रखे गए। पुलिस का कहना है कि मेजा में जो नकली डिब्बा बम मिला था, उसे लाल रंग के ताजे पेंट से पोता गया था।इस आधार पर कुछ लोगों के बारे में जानकारी जुटाते हुए कई संदिग्ध से पूछताछ की गई। फिर दो युवकों का नाम प्रकाश में आया, जिनकी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। अब उनके मोबाइल की काल डिटेल रिपोर्ट, हैंड राइटिंग व दूसरे तथ्यों के बारे में पता लगाकर भूमिका की जांच चल रही है। पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां भी इस मामले को अपने-अपने स्तर पर देख रही हैं।

# मानव तस्करी कर देह व्यापार के मामले में जिला न्यायालय से 41 दोषी करार

अखंड भारत संदेश

**सजा पर सुनवाई 25 जनवरी को**

**प्रयागराज।** प्रयागराज की जिला न्यायालय ने मानव तस्करी के मामले में 41 आरोपियों को दोष सिद्ध किया है। कोर्ट 25 जनवरी को सजा पर सुनवाई करेगी। आरोपियों पर देश के कई हिस्सों से बालिग-नाबालिग लड़कियों को लाकर उन्हें बंधक बनाकर वेश्यावृत्ति कराए जाने का मामला चल रहा है।अपर सत्र न्यायाधीश रचना सिंह ने विशेष लोक अभियोजक आरपी सिंह, जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित मालवीय और ह्यगुड़ियाह्ल संस्था के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण के तर्कों को सुन कर दिया।थाना कोतवाली स्थित बादशाही मंडी रेड लाइट एरिया मीरगंज का मामला है। सामाजिक संस्था के कार्यकर्ता सुनील कुमार की शिकायत पर 48 आरोपियों, जिसमें ज्यादातर महिलाएं और कुछ पुरुष हैं, के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की गई थी।1 मई, 2016 को उप जिला मजिस्ट्रेट सदर की अगुवाई में रेड लाइट एरिया में दबिश देकर बड़े पैमाने पर पीड़ितों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया गया था। प्रकरण में सरकार बनाम दुर्गा कामले सहित 48 आरोपियों के खिलाफ सत्र न्यायालय में विचारण किया गया। इन पर आरोप है कि मानव तस्करी के माध्यम से देश के कई हिस्सों के बालिग-नाबालिग लड़कियों को ले आकर उन्हें बंधक बनाकर उनकी मर्जी के खिलाफ वेश्यावृत्ति कराई जाती थी। उनकी खरीद-फरोख्त की जाती थी। पीड़ितों ने अपने बयान में कहा था कि हम लोगों को उनके मूल स्थान से बहला-फुसलाकर और लालच देकर यहां ले आया गया। हम लोगों से शारीरिक शोषण और जबरन देह व्यापार कराया जाता रहा। न्यायालय ने कुल 41 अभियुक्तों को अनैतिक देह व्यापार अधिनियम 1956 और भारतीय दंड संहिता की धारा 370 और 373 के अपराध में दोष सिद्ध पाया है। दौरान मुकदमा 6 आरोपियों की मौत हो गई है। एक आरोपी के फरार हो जाने के कारण पत्रावली अलग कर दी गई। सजा के प्रश्न पर 25 जनवरी को सुनवाई की जाएगी। इस मामले को शीघ्र निस्तारित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि हर महीने में कम से कम 8 दिन इस मामले की सुनवाई अवश्य की जाएगी।

# जंघई असवां मार्ग जीर्ण शीर्ण आवागमन बाधित

**जंघई।** जंघई अष्टभुजा गेट से असवां एवं जंघई दुबान जाने वाली सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है आवागमन बाधित हो रहा है दुर्घटना होती रहती है लेकिन सड़क मरम्मत नहीं हो रही जिससे आमजन आक्रोशित है।रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा, चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर, अनुवां-राचनपुर, चंपापुर, महरछा-जंघई-पयागपुर आदि सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है लेकिन इनका नवीनीकरण या मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है।मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है। इन सड़कों पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद करीब बीस वर्षो से इनकी मरम्मत नही हुई है। अनुवां चनेथू मार्ग पर मरम्मत का कार्य जिला पंचायत से शुरू हुआ भी तो आधी बनाकर छोड़ दिया गया।प्रतिदिन दुर्घटनायें होती रहती है दो जिलों को जोड़ने वाली सड़कों की भी मरम्मत नही हो रही है।जिससे क्षेत्रवासी आक्रोशित व निराश है कि किससे गुहार लगाए कोई सुनने वाला नही।

# महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** महाराणा प्रताप के शौर्य और बहादुरी की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। उन्होंने अपने पराक्रम से मुगलों को नाकों चने चबवा दिए थे। इस धरा भूमि के महान वीर सपूत महाराणा प्रताप को याद करते हुए युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के सहसों कार्यालय पर संस्था के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश केसरवानी की अध्यक्षता में बुधवार को वीर योद्धा महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अश्व चेतक को भी नमन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया उदयपुर, मेवाड में सिसोदिया राजपूत राजवंश के राजा थे। वह महाराणा उदय सिंह और माता जयवंत कंवर की संतान थे। उनकी वीरता के अनेक किस्से इतिहास के पन्नों के द्वारा इस धरती के लोग हमेशा याद करते रहेंगे। उनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ इच्छा शक्ति हमेशा इतिहास के पन्नों में अविस्मरणीय रहेगा । उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया। महाराणा प्रताप सिंह ने मुगलों को कई बार परास्त किया। महाराणा प्रताप के पराक्रम की शौर्य गाथा के साथ अश्व चेतक सभी के लिए अविस्मरणीय तथा इतिहास उनको सदैव याद रखेगा। इस मौके पर अन्य वक्ताओं में डा अमित यादव, इंजीनियर बद्री सिंह, रामजी बिंद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी, पंकज सिंह, शेरू केसरवानी, निर्दोष गुप्ता,फूल चन्द्र आदि रहे।

# करछना तहसील के अधिवक्ताओं की हडताल से चलतें, फरियादी हलाकान

**करछना।** पखवारेभर चल रही अधिवक्ताओ की हडताल बुधवार को भी जारी रही अधिवक्ताओ का कहना था कि जब तक तहसीलदार की कार्यशैली मे सुधार नही होता और विवादित फाइलो का निस्तारण निरस्त नही किया जाता तब तक अधिवक्ता तहसीलदार कोर्ट का वहिष्कार करते रहेगे।तहलसीलदार ने सघ के अध्यक्ष और महामंत्री से हडताल समाप्त करने की बात कही जिसपर सघ के अधिव्कातओ ने कहा कि जब तक आपकी कार्यशैली मे सुधार नही हो जाता तब तक हडताल जारी रहेगी।इस मौके पर कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बढ़ती गलन व ठंड के चलते लोग हलाकान, अलाव नदारद

**करछना।** मकर संक्रांति के बाद बुधवार को भी दिनभर बढती गलन का लोगों और पशुओं पर गहरा असर देखा गया।दोपहर में धूप जरूर निकली लेकिन शाम होते ही गलन और बढ़ गई जिससे जगह-जगह लोगों को अलाव का भी सहारा लेना पड़ा।बढ़ती ठंड में किसानों का मानना है कि गेंहू जैसी फसलों के लिए लाभदायक जरूर है किन्तु कोहरा पड़ने पर इसका प्रभाव दलहनी और तिलहनी फसलो पर पड सकता है।साथ ही आलू में झुलसा रोग की संभावना बढ़ सकती है।ठंड के मद्देनजर अभी तक करछना में कई खास जगहों पर प्रशासन द्धारा अलाव व्यवस्था न किए जाने से लोगों में नाराजगी है।बढ़ती गलन के मद्देनजर लोगों ने अलाव जलवाने की मांग की है।उधर धूप निकलने के बाद अन्य दिनों की अपेछा सरकारी कार्यालयों में भी भीड़भाड़ दिखी। कई दिनो से बढ रही गलन के चलते शाम होते ही सडको पर सन्नाटा पसर जाता है।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी हटाने के लिए बोला तो दी जान से मारने की धमकी

**प्रयागराज।** मुंडेरा मंडी में भाग्यलक्ष्मी एंड संस के कार्यालय के सामने खड़ी गाड़ी हटाने के लिए फोन करना आढ़ती को महंगा पड़ा। मौके पर पहुंचे दबंगों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर लोग एकत्र हो गए तो आरोपी भाग निकले। धूमनगंज पुलिस ने अनिल यादव समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चायल, कौशांबी निवासी राम सजीवन प्रजापति का मुंडेरा मंडी में भाग्यलक्ष्मी एंड संस के नाम से कार्यालय है। उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई है कि 18 जनवरी की रात में एक गाड़ी उनके कार्यालय के बाहर खड़ी थी, जिस पर आरके यादव रोड लाइंस लिखा था। गाड़ी पर लिखे मोबाइल नंबर पर उन्होंने फोन किया तो अनिल यादव ने फोन रिसीव किया।

फोन पर उनसे गाड़ी हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। थोड़ी देर बाद अनिल यादव के समर्थक वहां पहुंच गए और उन्होंने जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि नशे में दबंगों ने एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े रहने के बाद बता कर मारपीट की। धूमनगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एसएसपी समेत मिले 444 नए कोरोना संक्रमित, एक की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार समेत 444 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले। कोरोना से पीड़ित एक व्यक्ति की मौत हुई। एसआरएन के डॉक्टरों के मुताबिक राजापुर का रहने वाला युवक किडनी, मधुमेह, टीबी और ह्रदय रोग से पीड़ित था। इलाज के लिए आने पर उसकी कोरोना जांच हुई, जिसमें वह पॉजिटिव मिला। पिछले दिनों सांस लेने में दिक्कत होने पर उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। जहां आज उसकी मौत हो गई।कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही राहत की बात यह रही है कि नए संक्रमित मरीजों की संख्या के मुकाबले संक्रमण से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या अधिक होने लगी। कोरोना संक्रमण का एक सप्ताह पूरा कर-के ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 506 रही। इसमें 470 संक्रमित मरीजों ने अपना होम आइसोलेशन पूरा किया और 36 मरीजों



अस्पताल से डिस्चार्ज किए गए।कोरोना संक्रमितों की पहचाने केलिए चलाए जा रहे जांच अभियान का दायरा अभी भी पहले जैसा ही है। बुधवार को कुल 8193 लोगों की जांच हुई। इसमें एंटीजन जांच कराने वालों की संख्या 87 रही। आरटीपीसीआर जांच 331 लोगों की हुई और ट्रूनॉट जांच 26 लोगों की हुई। अस्पतालों में भर्ती अन्य मरीजों की हालत स्थिर है। एसआरएन अस्पताल में कोविड केनोडल अधिकारी डॉ. सुजीत वर्मा के मुताबिक एसआरएन में अभी 34 मरीज भर्ती है। इनमें से 18 मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। अन्य की हालत स्थिर है। बेली अस्पताल के अधीक्षक डॉ. एम के अखौरी के अनुसार अस्पताल में 12 मरीज भर्ती है। बुधवार को 29 मरीज डिस्चार्ज हुए। एक मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे आक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। मरीज को ट्यूवर क्लोसिस की बीमारी है।

### 84031 का हुआ टीकाकरण

टीकाकरण अभियान में बुधवार को 84031 का टीकाकरण हुआ। इसमें 18 साल से अधिक उम्र वालों के साथ ही कोरोना की दूसरी डोज वाले लोग भी शामिल है। 15 से 17 वर्ष की आयु के किशोरों में कोरोना टीका की पहली खुराक लेने वालों की संख्या 8,135 रही।प्रीकॉशन डोज लेने वालों की संख्या 1100 रही। इस दौरान स्कूलों में भी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले में टीकाकरण प्रभारी डॉ. तीरथ लाल के मुताबिक अधिक ठंड और गलन केकारण किशोरों केटीकाकरण में कमी आयी है। मौसम में सुधार होने केसाथ ही इनका आंकड़ा भी बढ़ेगा।

### कोरोना के कारण टाली पीसीएस 2021 मुख्य परीक्षा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से 28 से 31 जनवरी तक प्रस्तावित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा 2021 मुख्य परीक्षा टाल दी है। प्रयागराज, लखनऊ और गाजियाबाद के केंद्रों पर प्रस्तावित के लिए सफल कुछ अभ्यर्थी कोरोना संक्रमित हो गए थे और उन्होंने आयोग को अपने पॉजीटिव होने की रिपोर्ट आयोग को भेजते हुए परीक्षा टालने कीमांग की थी। आयोग के सचिव जगदीश की ओर से जारी सूचना के अनुसार महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए परीक्षा स्थगित की जाती है और अब यह परीक्षा 23 से 27 मार्च तक आयोजित की जाएगी। 678 पदों पर आयोग ने 7688 अभ्यर्थियों को पीसीएस मेन्स के लिए सफल घोषित किया था। अभ्यर्थियों का कहना था कि चार दिन तक बाहर रहकर परीक्षा देने के दौरान संक्रमित होने का खतरा रहेगा और उनका पेपर बिगड़ सकता है। हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश व बिहार आदि राज्यों से आने वाले अभ्यर्थियों को कठिनाई होगी क्योंकि वहां प्रतिबंध और लॉकडाउन जैसे हालात हो रहे हैं। दिव्यांग और पहले से बीमार अभ्यर्थियों को परेशानी हो सकती है। इसके लिए ट्वीटर पर भी अभियान चलाया जा रहा था।

# विधानसभा चुनाव के लिए स्कूली बसों का होगा अधिग्रहण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्कूलों और कॉलेजों की बसें तथा अन्य वाहन भी अधिग्रहीत किए जाएंगे। डीएम संजय कुमार खत्री ने इस बाबत आदेश जारी के साथ बुधवार को बैठक में स्कूल प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रबंधकों से वाहनों की सूची तथा अन्य डिटेल भी मांगी।

डीएम ने सभी विधानसभा के आरओ एवं एआरओ संग बैठक कर-के भी चुनाव की प्रक्रिया पर चर्चा की।साथ ही निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तरह के आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। डीएम ने आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत पर अफसरों से लेकर लेखपाल तक की जिम्मेदारी तय की। डीएम ने मेजा, करछना में बूथों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आयोग के दिशा-निर्देश के क्रम में सभी तरह की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक तथा निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन हर्षदेव पांडेय समेत अन्य संबंधित अफसर मौजूद रहे।

### ऑनलाइन मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम 25 को

25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम में लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत मंडलायुक्त सुबह 11 बजे कलक्ट्रेट स्थित सभागार में शपथ दिलाकर करेंगे। इनके बाद डीएम शपथ दिलाएंगे और संबोधित करेंगे। इसी क्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भइया राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति समेत अन्य प्रमुख लोग वेबीनार के माध्यम से मतदाताओं को शपथ दिलाएंगे तथा वोट के महत्व पर प्रकाश डालेंगे।



निरीक्षण करते एसपी यमुनापार

# एसपी यमुनापार ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैगमार्च, अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही सहित मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को एसपी सौरभ दीक्षित ने यमुनापार के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में एएसपी सौरभ दीक्षित शंकरगढ़ थाने पहुंचे और यहां पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही है तैयारियों और कार्यवाहियों की समीक्षा की। इसके बाद वह थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के साथ क्षेत्र के सबसे बड़े मतदान केंद्र राजा कमलाकर इंटर कालेज पहुंचे। यहां पर एसपी ने मतदान कक्षों का निरीक्षण किया और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद एएसपी पुनः थाने पहुंचे और एसओ को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। एएसपी ने क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिया। दूसरी तरफ पैरा मिलिट्री फोर्स ने भी क्षेत्र के कई स्थानों फ्लैगमार्च किया।

### एक फोन कॉल और बैंक खाता हो गया खाली

**प्रयागराज।** एक फोन कॉल और बैंक खाता खाली हो गया। ऐसा ही हुआ मुंडेरा मंडी में किराए पर रहने वाले प्रमोद कुमार सिंह के साथ। प्रमोद अपने दो अन्य साथियों के साथ किराए पर रहते हैं और फल मंडी में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले रात में 11:30 बजे एक फोन आया। शातिर ने झांसे में लेकर फोनपे से 21-21 हजार करके तीन बार में 63000 रुपये बैंक खाते से ट्रांसफर कर लिया। जब उस नंबर पर इन्होंने संपर्क किया तो वह गाली देने लगा। महीनों की कमाई पल भर में लुट गया। वह परेशान हो गया और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। एक महीना दौड़ने के बाद अब धूमनगंज पुलिस ने साइबर अपराध का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि अगर तत्काल साइबर सेल से मदद ली होती या हेल्पलाइन नंबर पर पुलिस ने कॉल किया होता तो शायद कुछ मदद हो सकती थी।

## एसआरएन के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का आरोप

# 6 माह काम करने के बाद मिलता है एक माह का मानदेय

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल एसआरएन में आउट सोर्सिंग पर काम करने वाले कर्मचारी इस कोविड काल में जान जोखिम में डालकर ड्यूटी कर रहे हैं। पर आलम यह है कि इन कर्मचारियों को अपने मानदेय के लिए प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बुधवार को एसआरएन में प्रदर्शन कर रहे आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ ने आरोप लगाया कि 6 माह काम करने के बाद 1 माह का भुगतान कर दिया जाता है। वहीं यह भी आरोप है कि 2015 में 25 हजार रुपये से शुरूआत होने के बाद मानदेय बढ़ने के बजाय घटता गया। 2021 से मानदेय बिना बताए 16 हजार रुपये कर दिया गया। वहीं आउटसोर्सिंग स्टाफ कविता शुक्ला ने बताया कि हम लोगों ने अपनी मांग को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक गुहार लगा चुके हैं, पर हम लोगों की मांगे पूरी नहीं की गई।



### आउटसोर्सिंग पर हैं 183 स्टाफ

जीत सिक्योरिटी सर्विसेज के द्वारा चयन किये गये संविदा स्टाफ नर्स पुरुष एवं महिलाएं मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज से संबद्ध स्वरूपरानी चिल्ड्रेन एवं मनोहरदास नेत्र चिकित्सालय में नियुक्त हैं। इनकी संख्या लगभग 183 है। विगत वर्ष 2015, 16 से लगातार कार्यरत हैं। इन लोगों का आरोप है कि उन्हें किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं दिया जाता है। इन लोगों का आरोप है कि जब वह अपनी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों तक करते हैं तो जलील किया जाता है। साथ ही नेतागिरी नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। संयुक्त आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अंकित यादव का कहना है कि जब वेतन मांगा जाता है तो कहा जाता है कि हमारे पास बजट नहीं है। आखिर हम लोग बिना वेतन कैसे काम करे।

### 52 आउट सोर्स नर्सिंग स्टाफ पर हो चुकी है कार्रवाई

स्वरूपरानी अस्पताल में कोरोना काल में आउटसोर्सिंग के जरिए 52 नर्सिंग स्टाफ की भर्ती की गई थी। इसमें करीब दस पुरुष स्टाफ थे शेष महिला। सभी ने सात महीने तक अलग अलग वार्डों में ड्यूटी की। इस बीच उन्हें किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया गया। 21 अक्टूबर 2021 को अचानक उन्हें ड्यूटी करने से रोक दिया गया। इससे आहत नर्सिंग स्टाफ ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का घेराव और विरोध प्रदर्शन भी किया था।



# कोरांव में भारतीय किसान कल्याण संघ की चौपाल संपन्न

### जिला अध्यक्ष व प्रदेश के पदाधिकारियों को किसानों ने दी बधाई

**कोरांव।** भारतीय किसान कल्याण संघ की चौपाल आज यमुनापार प्रभारी लक्ष्मी शंकर यादव की अध्यक्षता में कोरांव में संपन्न हुई,जिसमें नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारी मुख्य महासचिव रमेश मालवीय, महासचिव सतीश सिंह लखनऊ, उपाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर सिंह अधिवक्ता हाइकोर्ट सहित नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रयागराज प्रकाश मिश्रा जी को कोरांव के किसानों की बागवानी से बहुत बहुत बधाई दी गई।साथ ही सभी किसानों ने संघ में सदस्यता लेने की बात कही,संघ किसान हित में सभी कार्य की सराहना की। यमुनापार प्रभारी ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि एक मात्र यह संघ देश का हितैषी संघ है।इस चौपाल में दर्जनों किसान उपस्थित रहे।जय किसान जय जवान जय हिन्दुस्तान।

# 40 सूत्रीय मांगों को लेकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कर्मचारियों ने चस्पा किया पोस्टर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** न्यू पेंशन स्कीम वापस कर पुरानी पेंशन बहाल करने समेत 40 सूत्रीय मांगों को लेकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रेलकर्मियों ने बुधवार को जगह-जगह पोस्टर चस्पा दिए।नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन प्रयागराज मंडल ने बुधवार सुबह तीन दिवसीय जन जारगण अभियान के तहत काला फीता बांधकर विरोध जताया। डीआरएम ऑफिस समेत अन्य कार्यालय में रेलवे कर्मचारियों ने हाथों में काला फीता बांधकर विरोध जताते हुए कार्य किया। कई जगह पोस्टर भी चस्पा किए गए। रेलवे अफसरों के तानाशाही रवैये के खिलाफ रेलकर्मी पूरे मंडल में तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने सुबह कार्यालयों में पहुंच कर्मचारियों की बांह पर काला फीता बांधकर उन्हें हैंडबिल दिया। यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचरियों की समस्याओं, उनके अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वर्षों से समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा है। विरोध में अपनी 40 सूत्रीय मांगों से संबंधित पोस्टर मंडल के सभी कार्यालयों में लगाए।



### काली पट्टी बांध की नारेबाजी...

न्यू पेंशन स्कीम वापस कर पुरानी पेंशन बहाल करने समेत 40 सूत्रीय मांगों को लेकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रेलकर्मियों ने बुधवार को जगह-जगह पोस्टर चस्पा दिए। इन पोस्टरों के माध्यम से रेलकर्मियों ने सहायक लोको पॉयलटों से मालगाडि ?ों में बतौर गार्ड का काम लिए जाने का भी विरोध किया। भोजनावकाश के दौरान काली पट्टी बांधे रेलकर्मियों ने नारेबाजी भी की। यूनियन के शाखा मंत्री नागेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि रनिंग कर्मचारियों के लिए हाई पावर कमेटी की अनुशंसाओं के अनुरूप 9 व 11 घण्टे की ड्यूटी का नियम लागू किया जाय। उन्होंने बताया कि यूनियन ने रात्रि ड्यूटी भत्ता के लिए 43600 की सीमा समाप्त कर रात्रि ड्यूटी में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को रात्रि ड्यूटी दिए जाने की भी मांग की है। एनसीआरएमयू के महामंत्री आरडी यादव, मंडल मंत्री डीएस यादव, डीके मौर्या ने विरोध का समर्थन किया है। सभी शाखाएं अपने क्षेत्र में विरोध जता रही हैं। नागेंद्र बहादुर सिंह, एसके सिंह, एके सिंह, अनिल कुमार, विजेंद्र यादव, बीपी सिंह आदि ने बुधवार को कार्यालयों में पहुंच साथियों के हाथ पर काली पट्टी बांधी।

# गैंगस्टर में वांछित गोतस्कर गिरोह के दो इनामी सदस्य गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे गोतस्कर गिरोह के दो सदस्यों को पूरामुफ्ती पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम था। इनमें से एक अंतरजनपदीय गोतस्कर मुजफ्फर गैंग का सदस्य है। उनके कब्जे से तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि मजिस्ट्रेट की अनुमति से उन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में हसीन अहमद निवासी हटवा कौशाम्बी और सहबान निवासी मरियाडीह शामिल हैं। हसीन अंतरजनपदीय गोतस्कर मुजफ्फर का साथी है जो पिछले साल दर्ज गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों को भरेठा मोड़ तिराहे से गिरफ्तार किया गया। पिछले साल गिरोह के कुल 14 सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। इनमें से मुजफ्फर समेत छह लोग पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। वांछित चल रहा हसीन भी गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

### अनुमति के फेर में अटकी संपत्ति कुर्क की कार्रवाई

मूल रूप से नवाबगंज का रहने वाला मुजफ्फर हिस्ट्रीशीटर व गोतस्कर गिरोह का सदस्य है। जो मौजूदा समय में जेल में है। उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत उसकी सात संपत्तियों को कुर्क करने संबंधी रिपोर्ट नवंबर में जिला प्रशासन को भेजी गई थी। लेकिन अनुमति के फेर में अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। विवेचक धूमनगंज इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कुछ अन्य जानकारियां मांगी गई हैं। जिन्हें एकत्र किया जा रहा है।

# गंगद्वीप के प्रभावित तीर्थपुरोहितों को उत्तरी पटरी पर दी गई जमीन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर माघ मेले के दो प्रमुख स्नानपर्वों के बीत जाने के बावजूद तीर्थपुरोहितों और कल्पवासियों की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। लगातार बारिश और कटान से उपजी समस्याओं को छोड़ भी दें तो भूमि आवंटन से लेकर पांटून निर्माण तक अनेक व्यवस्थागत कारणों से भी मेले की बसावट में दिक्कतें बनी हुई हैं।गंगद्वीप में बसे तीर्थपुरोहितों और कल्पवासियों को फिर विस्थापित होना पड़ा। दरअसल गंगद्वीप में जलभराव के कारण तीर्थपुरोहितों, क ल्पवासियों को प्रशासन की ओर से सेक्टर पांच में स्थानांतरित करने के लिए कह दिया गया था। तीर्थपुरोहितों का कहना था कि कल्पवासी तुलसी का पौधा रोपकर कल्पवास का संकल्प लेते हैं और स्थान परिवर्तन से उनकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचती है। नाराज तीर्थपुरोहितों ने इस पर आपत्ति जताई, साथ ही मेला क्षेत्र छोड़कर जाने की चेतावनी भी दे डाली। तीर्थपुरोहितों ने गंगद्वीप की दिक्कतें कम न होने के कारण बुधवार को पुल नंबर-5, ओल्ड जीटी रोड पर दोपहर में जाम लगा दिया।यातायात बाधित होने पर मेला अधिकारी की ओर से एसडीएम मेला को मौके पर भेजकर समस्या के निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया। मौके पर पहुंचे



एसडीएम मेला तथा राजस्व निरीक्षक शिवशंकर पटेल ने मौजूद तीर्थपुरोहितों, कल्पवासियों से उनकी समस्याएं सुनीं।इस बीच तीर्थपुरोहितों की ओर से वरिष्ठ तीर्थपुरोहित राजेंद्र पालीवाल ने तीर्थपुरोहितों, कल्पवासियों को अन्यत्र भेजने के बजाय गंगद्वीप में ही दक्षिणी के स्थान पर उत्तरी पटरी पर बसाने का सुझाव दिया ताकि कल्पवासी सुरक्षित रह सकें। इस फैसले के बाद तीर्थपुरोहितों और माघ प्रशासन के बीच सहमति बन सकी लेकिन तीर्थपुरोहितों ने वहां की अन्य समस्याओं को भी अविलंब निस्तारित कराने की मांग की।

### बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष की मौत की सीबीआई जांच की मांग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आधा दर्जन अधिवक्ताओं ने बुधवार को जनहित याचिका दाखिल कर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगला प्रसाद त्रिपाठी के मामले में सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। याचिका में अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। साथ ही डीएम और एसएसपी को बर्खास्त करने की मांग भी की है।यह याचिका अधिवक्ता गौरव द्विवेदी, रजनीश सिंह सहित चार अन्य की तरफ से दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि घर वालों ने पूर्व त्रिपाठी का पता न लगने पर कर्नलगंज थाने में पांच जनवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सात जनवरी तारीख को परिवार वालों को बुलाकर उनके लावारिस कपड़ों को दिखाया। परिजनों ने जब कपड़ों का उन्हीं का होना कहा तो पुलिस ने बताया कि त्रिपाठी की मौत हो गई थी। पुलिस ने लावारिस में उनका दाह संस्कार कर दिया है। याचिका में पुलिस की इसी कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े किए गए हैं। कहा गया है कि दाह संस्कार करने से पूर्व न तो मृतक कौन है पुलिस इसके बारे में पता लगाने की कोशिश नहीं की।

# निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नही : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने बुधवार को करछना, मेजा सहित कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोलिंग बूथों पर मूलभूत सुविधाएं यथा पानी, बिजली, शौचालय एवं दिव्यांगजनों के लिए रैम्प आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्व प्रथम बृजमंगल सिंह इण्टर कालेज करछना में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जो भी कमियां है, उसे तत्काल दुरूस्त कराये जाने के लिए कहा है। तत्पश्चात राजकीय बालिका इण्टर कालेज करछना, प्राथमिक विद्यालय वेन्दौ करछना, मॉडल प्राथमिक विद्यालय टिकुरी उरूवा, बद्रीनाथ तिवारी इण्टर कालेज मेजा रोड, पीएस तेदुआ कला मेजा प्रयागराज सहित कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर बिजली, पानी, शौचालय एवं दिव्यांगजनों के लिए रैम्पों सहित सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करा लिया जाये साथ ही साथ उन्होंने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देश दिया कि निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नही होगा। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन सेंटरों का भी निरीक्षण किया तथा खण्ड विकास अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय सहित सम्बंधित उप जिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में स्कूल/कालेजों के प्रबन्धकगणों के साथ बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को संगम सभागार में स्कूलों के प्रबन्धकों एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी को निर्वाचन कार्यों में सहयोग प्रदान करने को कहा तथा जिन कालेजों में जो भी बसे व अन्य वाहन है, आवश्यकतानुसार उसे निर्वाचन से सम्बद्ध किया जायेगा। उन्होंने सभी आरटीओ, एआरटीओ को निर्देशित किया है कि इसकी सूची बनाकर तैयार रखे तथा सबसे वार्ता कर सुनिश्चित कर ले। इसमें कोई लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी श्री हर्षदेव पाण्डेय, समस्त एआरटीओ एवं कालेज के प्रबन्धकगण उपस्थित रहे।

# लेखा, उड़नदस्ता सहित कई टीमों को दिया गया प्रशिक्षण

## निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र जनपद के समस्त 7 विधानसभा क्षेत्रों की लेखा टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो निगरानी टीम, उड़नदस्ता टीम (पुलिस मजिस्ट्रेट सहित) व स्थायी निगरानी टीम (पुलिस मजिस्टेज्ट सहित) का दो दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी तथा वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा विधानसभावार नामित नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी विधानसभाओं की टीमों को कोषागार कार्यालय के पेंशनर हाल में दिया गया

इस दौरान सभी टीमों को उनके निर्वाचन कार्यो के प्रति प्रशिक्षित किया गया। लेखा टीम को अवगत कराया गया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के अभ्यर्थियों की खर्च सीमा 40 लाख रुपए कर दिया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा किये जा रहे सभी निर्वाचन की व्यय को निर्वाचन छाया प्रेक्षण रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जायेगा। यदि लेखा मिलान के समय किसी भी प्रकार की कमी/आपत्ति मिलती है तो सम्बन्धित अभ्यर्थियों को रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से नोटिस जारी किया जाये। इसी प्रकार उड़नदस्ता तथा स्थैतिक निगरानी टीम के मजिस्टेज्ट को अवगत कराया गया कि यदि किसी के पास 50 हजार रुपए से अधिक की धनराशि बिना कागजात के पाया जाये व उसका निर्वाचन में दुरूपयोग की सम्भावना हो तो उसको जब्त किये जाने की कार्यवाही किया जाये तथा इसी प्रकार वीडियो निगरानी टीम को निर्देशित किया गया कि किसी भी रैली/बैठक का सही प्रकार से वीडियोग्राफी कर वीडियो अवलोकन टीम को अपनी रिपोर्ट के साथ सी0डी0 ससमय प्राप्त करा दिया जाये ताकि प्रत्याशी द्वारा किये जा रहे खर्चो को लेखा टीम ससमय दर्ज कर सके। साथ ही अन्य समस्त टीमों व अधिकारियों को उनके निर्वाचन कार्यो के दायित्वों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया।


कोषागार कार्यालय में टीमों को प्रशिक्षण देते अधिकारी।


सर्दी के मौसम में अलाव तापते लोग।

# चार दिन की प्रचण्ड ठंड से मिली राहत

## तेज निकली धूप, पारा पहुंचा 7.8 डिग्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चार दिनों से हो रही प्रचण्ड ठंड से बुधवार को कुछ राहत मिली। दोपहर बाद तेज धूप निकली। पहले तो धूप में भी ठंड का ज्यादा एहसास कर रहे थे लेकिन बाद में तेज धूप का लोगों ने आनंद भी उठाया। उधर नगर के विभिन्न चैराहों पर लोगों ने अलाव का भी लाभ उठा रहे हैं।

बता दें कि सोमवार को न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। लोग घरों में दुबके थे। जो लोग बाहर निकलते थे और लापरवाही बरतते थे, वह ठंड की चपेट में आ जा रहे थे। बड़ी संख्या में लोग सर्दी, जुखाम व बुखार से पीड़ित होकर अस्पताल व चिकित्सकों के यहां भीड़ लगाए हुए हैं। मंगलवार को अपरान्ह में देर से हल्की धूप निकली थी, लेकिन बुधवार को दोपहर एक बजे के बाद से तेज धूप निकली। बडे. बुजुर्ग भी बाहर निकलकर इस धूप का आनंद लिया। बहुत सारे घरों में गीले कपड़े नहीं सूख रहे थे। लोगों ने आज सुखाया। चिकित्सकों का कहना है कि अभी भी ठंड से लोग बचाव रखें क्योंकि धूप केवल दिन में राहत देने वाली है। सुबह शाम ठंड का कहर अभी रहेगा। ऐसे में लोग सतर्क रहें। कान और सिर ढककर चलें। कुछ युवा फैशन में मफलर व टोपी नहीं लगाते, वह इस भीषण ठंड में बीमार पड़ रहे हैं, तब उन्हें इस ठंड में अपनी गलती का एहसास हो रहा है।

# मतगणना स्थल एवं ईवीएम गोदाम के स्ट्रांग रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिये आवश्यक निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने आज पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ मतगणना स्थल एवं ईवीएम गोदाम के स्ट्रांग रूम स्थल नवीन मण्डी समिति महुली प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता मनोज नायक को निर्देशित किया कि मतगणना स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करा लें जिससे मतगणना स्थल सुव्यवस्थित हो सके। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार मतगणना स्थल पर विधानसभावार मतगणना अभिकताओं एवं मतगणना कार्मिकों के लिये वैरीकेटिंग की व्यवस्था भी समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होने इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मतगणना स्थल एवं ईवीएम स्ट्रांग रूम स्थल पर सभी व्यवस्थायें समय रहते चुस्त-दुरूस्त कर ली जाये और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम डा0 नितिन बंसल।

# न्यू एंजिल्स में टीकाकरण आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कटरा रोड स्थित न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में गुरुवार को 15 वर्ष से 18 वर्ष के छात्र-छात्राओं का टीकाकरण का आयोजन किया गया है। यह टीकाकरण सुबह दस बजे से दो बजे तक चलेगा। स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने बताया कि पिछली बार भी स्कूल में वैक्सीनेशन कैम्प लगाया गया था लेकिन मौसम खराब होने के कारण बहुत से बच्चे अभी भी छूटे हैं। उन्होंने कहा कि छूटे बच्चे इस बार वैक्सीनेशन करा लें।

# दबंगों ने दंपति को जमकर पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने दांपत्य की लात घूसो से जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। इस मामले में पीड़ित ने पड़ोस के तीन लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। कंधई थाना क्षेत्र के सराय भवानी गांव निवासी रामअचल का पड़ोसी से रास्ते का विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर बुधवार कि सुबह दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। इसी बीच आरोपितों के पक्ष के लोगों ने रामअचल और उसकी पत्नी मनोरमा की जमकर धुनाई कर दी। पीड़ित ने घटना की सूचना 112 डायल पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। पीड़ित ने इस मामले में पड़ोस के तीन लोगों को नामजद करते हुए दीवानगंज चैकी पर तहरीर दी है।


ट्रेन से उतरे यात्रियों की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।

# स्टेशन पर फिर फूटा कोरोना, कर्मचारियों में हड़कंप

## कोरोना पॉजिटिव आई लोको पायलट की रिपोर्ट, कई संक्रमित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेलवे स्टेशन कर्मचारियों में कोरोना के केस बढ़ रहें हैं। एक और लोकोपायलट की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। पायलट के संपर्क में जो भी लोग थे। उनमें भी कुछ संक्रमित हो सकते हैं। ऐसी आशंका जताई जा रही है। हालांकि सभी ने अपने टेस्ट भेज दिया है। कोरोना संक्रमित कर्मचारी को आइसोलेट कर दिया गया है।

अभी कुछ दिन पहले एक लोको पायलट कोरोना के लपेट में आया था। हालांकि अब वह ठीक है। ऐसा बताया जा रहा है। लाबी के सूत्रों का कहना है कि एक और लोको पायलट की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इसने अपनी जांच प्रयागराज में कराई थी। जानकारों का कहना है कि ट्रेनों को सेनेटाइज नहीं कराना भी कोरोना संक्रमण का एक कारण हो सकता है। हालांकि दूर दराज से आने वाली ट्रेनों से आने वाले यात्रियों का स्वास्थ्य विभाग की टीम प्लेटफार्म पर कोरोना टेस्ट करती हैं। स्टाफ का कहना है कि टेस्ट में जीआरपी और आरपीएफ का सहयोग नहीं मिल रहा है। जिससे यात्रियों का टेस्ट सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। जांच टीमें देर रात तक प्लेटफार्म पर डटी रहती हैं।

# एमआर का न्यूनतम वेतनमान 26 हजार किया जाए: वीरपाल

## मांगों को लेकर एमआर ने हड़ताल कर किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमएफआरएआई के आहवान पर बुधवार को जिले के मेडिकल रिप्रजेंटेटिव (एमआर) एक दिवसीय हड़ताल पर रहे और अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की और केन्द्र व राज्य सरकार से मांगें पूरी किये जाने के लिये ज्ञापन भेजा गया।

इस दौरान प्रमुख दवा कम्पनियों के प्रतिनिधि वीरपाल सिंह ने कहा कि नये श्रम कानून करके पुराने श्रम कानून बहाल किये जाएं, एसपीई एक्ट 1976 के तहत बने 44 श्रम कानून लागू किये जाएं, ठेका मजदूरी समाप्त की जाए, न्यूनतम वेतनमान 26 हजार किया जाए, काम के आठ घंटे निर्धारित किये जाएं, दवाओं व मेडिकल उपकरणों पर जीएसटी समाप्त की जाए।

इस मौके पर केन्द्र सरकार को छह सूत्रीय मांग पत्र और राज्य सरकार को दस सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन भेजा गया। इस अवसर पर विनय ओझा, संतोष विश्वकर्मा, विकल पाण्डेय, आशीष श्रीवास्तव, जावेद इकबाल, वीरेन्द्र कुमार चैधरी, संदीप रावत, इंद्रजीत यादव, चंदन मिश्र, नरेन्द्र ओझा, अंकित पाण्डेय, राजेश मिश्र, अतुल शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।


अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते एमआर।

# जज्बा : खुद को जोखिम में डाल डॉक्टर ने जच्चा बच्चा को बचाया

## कोरोना की परवाह किये बगैर किया महिला का ऑपरेशन

## कोविड पॉजिटिव आई डॉक्टर और नर्स की रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोई कुछ कहे लेकिन हकीकत यही है कि कोरोना महामारी में मरीज की जान अगर कोई बचाने आता है तो वह है डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ। जो खुद की परवाह किये बगैर बिना भेदभाव के लोग मरीजों का इलाज करते है। राजा प्रताप बहादुर महिला अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ ने कोरोना की परवाह किये बगैर जच्चा और बच्चा दोनो की जिंदगी बचाने का कार्य किया है। वो वाकई में काबिलेतारीफ है। महिला और उसके बच्चे के लिए डॉक्टर किसी भगवान से कमतर साबित नहीं हुये। पहले महिला मरीज और अब उसके संपर्क में आई ओटी की डॉक्टर और नर्स की रिपोर्ट भी कोरोना पॉजिटिव आने से दोनो की जिंदगी दांव पर लगती दिखाई दे रही है। हालांकि डॉक्टर और नर्स को आइसोलेट कर दिया है। लोग डॉक्टर और नर्स के कार्य की सराहना कर रहें हैं। बता दे कि दो दिन पहले प्रसव के लिए आई महिला की डिलीवरी हुई थी। बाद में उसकी कोविड जांच पॉजिटिव आई। उसका ऑपरेशन करने वाली महिला चिकित्सक और एक स्टाफ नर्स भी पॉजिटिव हो गई हैं। डॉक्टर चाहती तो कोरोना रिपोर्ट का इंतजार कर सकती थी। लेकिन उन्होंने इसकी परवाह किये बगैर मां और उसके बच्चे का जीवन बचाना ज्यादा जरूर समझा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रीना प्रसाद का कहना है कि मरीज और उसके बच्चे की जिंदगी ज्यादा महत्वपूर्ण थी। एक डॉक्टर ने अपना फर्ज निभाया है।

## कब बदलेगा लोगों का नजरिया !

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डॉक्टर लोगों की जिंदगी बचाते हैं। कोई जान बूझकर मरीज के साथ खिलवाड़ नहीं करता है। ऐसा जानकार मानते हैं। अक्सर दिखाई भी दे जाता है। मरीज के साथ आये तीमारदार लोग इस बात को नहीं समझते हैं। कुछ दिन पहले महिला अस्पताल में मेडिकल कालेज की एक जूनियर डॉक्टर को तीमारदारों ने अपमानित किया। लोग ओटी तक पहुंच गये। लेडी डॉक्टर ने प्रिंसिपल से शिकायत की। एक पहलू यह भी। ऐसा भी नहीं कि सभी बुरे ही हैं। अच्छे डॉक्टर और स्टाफ भी है। बस नजरिया बदलना होगा।

# 20 तक जमा करें छात्रवृत्ति के आवेदनों की हार्डकापी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने सभी विद्यालय/संस्थाओं को सूचित करते हुये कहा है कि विद्यालय से सम्बन्धित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्री-मैट्रिक आवेदनों की हार्डकापी समस्त संलग्नकों (आनलाइन आवेदन की प्रति, आय प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, गत वर्ष की परीक्षाफल की छायाप्रति, यदि फीस का उल्लेख किया गया है तो फीस रसीद की छायाप्रति) सहित कार्यालय में 20 जनवरी 2022 तक जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा सम्बन्धित विद्यालयों/संस्थाओं का डाटा रिजेक्ट कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित विद्यालय/संस्थाओं की होगी।

# माल वाहक ऑटो की बैटरी चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावा निवासी नवल किशोर उर्फ कक्कू अग्रहरि की माल वाहक ऑटो गाड़ी घर के पीछे हाता के अंदर खड़ी थी जिसमे मगलवार की बीती रात अज्ञात चोर हाता के अंदर कूदकर ऑटो गाड़ी की बैटरी खोल ले गए। सुबह जब गाड़ी मालिक कक्कू अग्रहरि के लड़के गाड़ी लाने के लिए गए तो गाड़ी स्टार्ट नही हो रही थी। जब नजर गाड़ी के बैटरी पर पड़ी तो होश उड़ गए गाड़ी की बैटरी गायब थी जिसकी जानकारी अपने पिता कक्कू को दी। घटना की सूचना पुलिस को देना मुनासिब नही समझा कहा कि तहरीर देने से मेरे बैटरी तो मिल नहीं जाएगी क्या फायदा, उल्टा मुझे परेशान होना पड़ेगा।

# उद्योग व्यापार मण्डल ने व्यापारियों के निधन पर जताया शोक

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के प्रतिष्ठान पर एक शोकाकुल बैठक उनकी अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व व्यापारियों ने एक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ कृष्णदेव त्रिपाठी के पिता स्व. सीताराम त्रिपाठी, संतोष जायसवाल व्यापार मंडल महामंत्री सगरा सुंदरपुर बाजार के पिता स्व. रामलाल जायसवाल के निधन पर शोक जताया गया। इसके अलावा व्यवसायी प्रेम चंद्र सोनी सराय मलयान देव पूरे बिरानी माधव सिंह के पिता स्व.राम सुंदर सोनी, प्रतिष्ठित मिष्ठान व्यवसाय स्व.लालजी केसरवानी (प्रकाश स्वीट्स, बाबागंज) जगदीश मौर्या (जम्बो वीडियो ग्राफी टक्करगंज) के पिता स्व.जगन्नाथ मौर्या तथा चैक घंटाघर के प्रतिष्ठत व्यवसायी भरतलाल के पुत्र स्व.विष्णुकांत उमरवैश्य के अकस्मात निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। उपरोक्त समस्त ब्रह्मलीन आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के उपरांत जिलाध्यक्ष केसरवानी सहित अन्य सभी वक्ताओं ने आपने अपने वक्तव्यों में उनके द्वारा किए गए समाज और परिवार में उत्कृष्ट तथा श्रेष्ठ कार्यों की प्रशंसा की।

# बिरजू महराज के निधन पर संगीत प्रेमियों में शोक की लहर

## संवेदना प्रकट करते हुए दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्र के सुविख्यात कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज के निधन से प्रतापगढ़ के संगीतप्रेमियों में शोक की लहर है। राष्ट्र के सुविख्यात कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज के निधन का समाचार मिलने पर प्रतापगढ़ के संगीतप्रेमियों में शोक की लहर दिखाई पड़ रही है।

जानकारी मिली है कि दिल्ली के साकेत अस्पताल में हृदय गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया था। निधन का समाचार मिलने पर प्रतापगढ़ के संगीत प्रेमियों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। साहित्य संगीत उत्थान समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार परशुराम उपाध्याय सुमन ने कहा है कि राष्ट्र ने कथक नृत्य जैसी मनोहारी संगीत विधा का अनूठा कलाकार खो दिया है। कथक नृत्य की कला में अद्भुत निपुणता के कारण ही उन्हें शासन द्वारा पद्म विभूषण की उपाधि से विभूषित किया गया था।

सन 1938 में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जन्मे बृजमोहन मिश्र उर्फ पंडित बिरजू महाराज ने कथक नृत्य में महारथ हासिल करने के साथ ही कई फिल्मों में काम किया है, जिससे उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के अलावा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार एवं कालिदास सम्मान भी मिल चुका है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में शारदा संगीत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य जितेंद्र बहादुर सिंह सहित यश भारती पुरस्कार से सम्मानित महान संगीतज्ञ शिवानी मातनहेलिया, माता शरण उपाध्याय, श्रीमती ममता त्रिपाठी, बृजभान सिंह, श्यामल दादा, अवध नारायण शुक्ल वियोगी, प्रांजलि उपाध्याय, लालता प्रसाद त्रिपाठी लहरी, चिंतामणि पांडेय, नीलम उपाध्याय, अर्चना सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव पंछी आदि प्रमुख संगीतप्रेमी रहे।


बिरजू महराज (फाइल फोटो)

# लकड़ी चोरी की उलाहना देने पर महिला को पड़ोसियों ने पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पड़ोसियों ने एक महिला के घर से लकड़ी चुरा ले गए महिला ने जब इसकी उलाहना दिया तो पड़ोसियों ने एक राय होकर महिला को जमकर मारा पीटा। पीड़िता ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव की जाने वाली सुनीता पत्नी संतोष कुमार ने बताया कि बीते 17 जनवरी को रात आठ बजे जब वह घर में खाना बना रही थी घर में हुई लकड़ी चोरी की बात करने लगी और पड़ोसियों को उलाहना देने लगी, जिससे उसके पड़ोसी चार लोग इकट्ठे होकर उसे जमकर मारा पीटा बीच-बचाव करने आज उसके पुत्र और पुत्री को भी पड़ोसियों ने पीट दिया आसपास के लोग आए तो किसी तरह उसकी जान बची पीड़िता ने डायल 112 को फोन करके इस मामले में सूचित किया। बुधवार को कोतवाली पट्टी को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# नहीं रहे पूर्व मंत्री पुत्र अशोक शुक्ला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल के सबसे छोटे पुत्र अशोक कुमार शुक्ल का विगत दिवस निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार थे। पूर्व मंत्री श्री शुक्ल के दो बडे. बेटे जगदम्बा प्रसाद शुक्ल व जगत नारायण शुक्ल की मृत्यु विगत दो-तीन वर्षों के बीच हुई और गत दिवस सबसे छोटे बेटे अशोक शुक्ल ने भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अशोक शुक्ल का इलाज मेडिकल कालेज पुणे में हो रहा था, जहां उनकी हालत बिगड़ती गई और गत दिवस उनकी जीवन लीला समाप्त हो गइ। श्री शुक्ल के पुत्र विशाल शुक्ला ने मुखाग्नि दी है। श्री शुक्ल का परिवार लगभग 40 वर्षों से पल्टन बाजार मोहल्ले में रहता था लेकिन उनका पैतृक स्थान चालीस गांव था जहां दो वर्षों पहले वह चले गये और वहीं वह बीमारी की चपेट में आ गये जिससे उनका दुखद अंत हो गया।

# शहीद व्यापारियों को दी गई श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार को रायपुर रोड स्थित विवाह मंडप के समीप बने शहीद हुए व्यापारियों को पट्टी नगर के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित अन्य लोगों ने पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दिया। 19 जनवरी सन 1988 को पुलिस की गोली लगने से शहीद हुए अशोक खंडेलवाल और शिव सिंह की मूर्ति पर व्यापारियों ने माल्यार्पण किया और उनकी शहादत को याद किया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर रामजी उमरवैश्य, घनश्याम घायल, पिंटू कुमार, बिंदु वर्मा रामचरित्र वर्मा हरीशचंद्र वर्मा गौरव विवेक खंडेलवाल, भोला, प्रमोद, दुर्गेश गुप्ता राहुल वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न मांगों को लेकर दवा प्रति निधियों ने की हड़ताल

**कौशाम्बी।** यूपीएमएसएचए एवं एफएमआरएआई के तत्वाधान में देश भर में दवा प्रतिनिधि अपनी कुछ मांगों को लेकर हड़ताल पर थी। तथा जनपद कौशाम्बी यूनियन के दवा प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि दवाओं से सरकार को टैक्स जीएसटी 0% में रखना चाहिए सभी प्राइवेट कर्मचारियों को न्यूनतम 26 हजार प्रति माह वेतन होना चाहिए काम के 18 घंटे निर्धारित होने चाहिए आन लाइन दवाओं के क्रय विक्रय पर रोक होनी चाहिए हर वर्ग के कर्मचारियों को सरकार द्वारा बीमा होना चाहिए देश के जीडीपी से 5% स्वास्थ्य एवं मेडिकल पर होना चाहिए इसी क्रम में कौशांबी के भी दवा प्रतिनिधियों ने हड़ताल कर दुकानें बंद रक्खी हैं इस मौके पर विवेक सिंह मयंक अग्रहरि राहुल गुप्ता संदीप त्रिपाठी ध्यान सिंह यादव प्रशांत कुमार शुक्ला राकेश तिवारी गौरव शुक्ला आनद मिश्रा संदीप त्रिवेदी आदि लोग उपस्थित थे।

# वृद्ध की हत्या कर लूट करने वाले चार अभियुक्त हुए गिरफ्तार

**सोने के जेवर की लालच में रिश्तेदारों ने ही कर दी थी वृद्ध महिला की हत्या**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** वृद्ध महिला सोना देवी के हत्या के आरोप में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के जेवरात बरामद करते हुए चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है रिश्तेदारों ने हीं जेवर लूटने की नियत से वृद्ध महिला की हत्या कर दी थी।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र में 11 दिसंबर 2021 को रिश्तेदारी आयी महिला सोना देवी उम्र 75 वर्ष का 14 दिसंबर 2021 को अपहरण किया गया था जिसको गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सिराथू के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोखराज को घटना का अविलम्ब खुलासे हेतु निर्देशित किया गया जिसके क्रम में अभियुक्तगण घनश्याम सोनकर पुत्र स्व0 बिल्लास सोनकर विमला पत्नी स्व0 बिल्लास सोनकर सीमा देवी पुत्री स्व० बिल्लास सोनकर निवासी गण बिदनपुर ककोढा थाना कोखराज व शिवकुमार पासी पुत्र राम अवध निवासी भदवा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से लूट के जेवरात एक अदद जजीर दो अदद चूडी, दो अंगूठी, एक लाकेट, एक जोड़ी टप्स पीली धातु तथा एक जोड़ी पायल चांदी की बरामद करते हुए आरोपी गणों को पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



हत्या के खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधिकारी

## पारिवारिक कलह से त्रस्त युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कौशांबी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर सुधवर गांव में मंगलवार की शाम एक युवक ने घर के अंदर धन्नी के सहारे फांसी लगा ली। युवक को फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया उसे फंदे से नीचे उतारकर इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये।डाक्टरों ने उसे देख मृतक घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर सुधवर गांव निवासी मोहित कुमार उम्र लगभग 15 वर्ष पुत्र नीरज कुमार मनौरी बाजार में रहकर गल्ला व्यापारी के यहां काम करता था। परिजनों के मुताबिक वह मंगलवार को घर लौटा था।इसी बीच उसने घर की धन्नी के सहारे गले में रस्सी का फंदा डालकर फांसी पर झूल गया।मोहित को फांसी पर झूलता देख परिजनों के होश उड़ गये। परिजनों ने आनन फानन रस्सी को काटकर उसे नीचे उतारा और इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की घोषणा कर दी है।

## न्यूज झरोखा

### जिले में अलग अलग थाना द्वारा अवैध शराब के साथ तीन हुए गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानो द्वारा अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 55 लीटर शराब बरामद किया गया व गिरफ्तार अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया गया है जानकारी के मुताबिक थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बृजेन्द्र प्रताप पुत्र स्व० बशी लाल निवासी खटगी थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त संजय पुत्र इन्दलेश निवासी म्योहर थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व हंस राज उर्फ किट्टी पाण्डेय पुत्र राम अवतार निवासी म्योहर थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### पश्चिम शरीरा महेवा घाट थाना क्षेत्र में अर्धसैनिक बल ने तराई क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा महेवा घाट थाना क्षेत्र में आज बुधवार को अर्ध सैनिक बल सीआरपीएफ बटालियन 101 सहायक कमांडर दिवेश कुमार स्पेक्टर शैलेंद्र प्रताप पाल पश्चिम शरीरा समिति कोतवाल रोशन लाल की अगुवाई में क्षेत्र के तराई इलाका अति संवेदनशील गांव कटरी पूरब सरावा डेढ़ावल घोघ का पुरवा जमुनापुर उमराव महेवा घाट रकसोली आदि दर्जनों गांव में भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास दिलाया।

### तमंचा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक अभियुक्त दुर्गा पासी पुत्र कल्लू पासी निवासी उमरावा थाना महेवाघाट को 01 अदद नाजायज तमचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व गोरे लाल पासी पुत्र कल्लू पासी निवासी उमरांवा थाना महेवाघाट को 01 अदद नाजायज तमचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात दो अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

### कोरोना के दृष्टिगत पुलिस ने वसूला जुर्माना

**कौशाम्बी।** जिले मे चलाये जा रहे कोरोना संक्रमण व यातायात अभियान के तहत विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध जांच अभियान कर दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 115 वाहनों का ई चालान किया गया। साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 01 व्यक्ति से 200 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

### पंचतत्व में विलीन हुए पत्रकार रणछोड़ सिंह

**कौशांबी।** वरिष्ठ पत्रकार रणछोड़ सिंह का निधन मंगलवार को हो गया था बुधवार को उनका अंतिम संस्कार कड़ा हनुमान घाट में गंगा नदी के किनारे किया गया है अंतिम संस्कार में गणमान्य व्यक्तियों के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए और 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना प्रभु से की है पत्रकार रणछोड़ सिंह के निधन पर विभिन्न पत्रकार संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### पत्रकार के पिता का निधन

**कौशाम्बी।** अशोक विश्वकर्मा पत्रकार के पिता का स्वर्गवास हो गया है। बताया गया कि वह लगभग 85 वर्ष के थे। मंगलवार की शाम से उनकी तबियत खराब हुई थी। बुधवार सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। परिवार को इस अपार दुख सहने की शक्ति ईश्वर प्रदान करे पत्रकार के पिता के निधन पर भारतीय पत्रकार संघ मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब प्रेस क्लब सहित विभिन्न संगठनों के पत्रकारों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसपी ने मण्डी समिति का किया निरीक्षण



मंडी समिति का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार तथा पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं मतगणना स्थल नवीन मण्डी समिति, ओसा का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियॉ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पोलिंग पार्टियों की रवानगी, स्ट्रॉग रूम एवं मतगणना आदि के सम्बन्ध में सभी आवश्यक तैयारियॉ समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार मतगणना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत मैप तैयार करने के निर्देश दिये निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारीगण प्रखर उत्तम विनय कुमार गुप्ता एंव राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश



प्रशिक्षण हाल का निरीक्षण करते सीडीओ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक शशिकांत त्रिपाठी ने एमवीकानवेन्ट स्कूल, ओसा का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जिससे मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सकें।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्राट उदयन सभागार में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु नामित प्रभारी अधिकारियों के साथ अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारियों से कहा कि सभी कार्मिकों को कोविड-19 के दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 को आवश्यकता के अनुरूप वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कड़ाई के साथ कराया जाए उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर कम से कम एक एवं जिन मतदान केन्द्रों पर बूथ की संख्या 05 या 06 हैं, उन केन्द्रों पर 02 व्हील चेयर की व्यवस्था सुनिश्चत की जाए तथा सभी बूथों पर आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी जाए उन्होंने सम्वेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटो को ई0वी0एम0 के सम्बन्ध में और बेहतर प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिये।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बेवकास्टिंग एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरा की व्यवस्था प्रेक्षक व्यवस्था निर्वाचन व्यय लेखा वीडियोग्राफी व्यवस्था स्वीप, बैलट पेपर व्यवस्था पोस्टर बैलट पेपर व्यवस्था एवं चिकित्सा व्यवस्था आदि की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीडीओ शशिकांत त्रिपाठी उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय उप जिलाधिकारी गण प्रखर उत्तम विनय कुमार गुप्ता एंव राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अधीनस्थों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

### राजनैतिक दलों के प्रति निधियों के साथ बैठक

उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने सम्राट उदयन सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जनपद में 1250 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों में सहायक मतदेय स्थल बनाने हेतु मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संशोधन प्रस्ताव के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा मंझनपुर में मतदेय स्थल संख्या-69 गुवारा तैयबपुर, 129-तियरा जमालपुर, 293-हकीमपुर, 293 भटवरिया एवं 447-गुरौली में 1250 से अधिक मतदाता होने के कारण उसी बूथ पर एक सहायक बूथ बनाया जाना है। विधानसभा चायल में मतदेय स्थल संख्या-308 बनवारी लाल गौतम इं0का0 सराय आकिल में एक सहायक बूथ बनाया जाना है।

### ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की लीग प्रतियोगिता का आरंभ बुधवार को 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता से हुआ इसमें दूसरे चक्र के उपरांत मुख्य परिणाम में विदित सेठी ने थपलियाल अथर्व को युग अग्निहोत्री ने दीवान शुक्ला को ओजस राठी को विराज सिंह ने, अजय अग्रवाल ने मोहिनी पंडित को राघव श्रीवास्तव ने शिवांजलि को स्नेहा स्नेहांशु चक्रवर्ती ने आराध्य पसारी को श्लोक जैन ने और नवदीप टंडन को तथा तोषी ने शगुन को हराया जबकि प्रणब और विहान खंडेलवाल के मध्य कुशाग्र गुप्ता और आद्या सिंह के मध्य तथा अरनव सिंघल और गर्वित जैन के मध्य बाजी बराबरी पर छूटी इस प्रकार उत्तर प्रदेश में ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता की लीग के दूसरे चरण के उपरांत नौ खिलाड़ी शीर्ष पर बने हुए हैं मुख्य खिलाड़ियों की अंक स्थित इस प्रकार रही विदित सेठी विराज सिंह गुंबर युग अग्निहोत्री अरनव अग्रवाल स्नेहांशु चक्रवर्ती श्रेयांश श्रीवास्तव तोशी जनोटी अथर्व प्रांजल (सभी 2 अंक) , प्रणव रस्तोगी विहान खंडेलवाल कुशाग्र आध्या गर्वित जैन (सभी 1.5 अंक) पर रहे।

# शेखपुर रसूलपुर गांव में गौशाला बदहाल बेमौत मर रही हैं गाय!

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव की गो संरक्षण में लापरवाही के चलते गोवंश भूख और प्यास से तड़प-तड़प कर दम तोड़ रही हैं। गौ संरक्षण केंद्र की देखरेख में लगे जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते गायों के शव को कुत्ते नोच खा रहे हैं। गांव की गौशाला का जो नजारा है उसे देखर किसी का भी दिल दहल उठेगा। यहां प्रशासन की लापरवाही के चलते भूख और प्यास से तड़प तड़प कर बेजुबान गायें दम तोड़ रही है। गायों के शव को कुत्ते नोच नोच कर खा रहे हैं। पहले भी इस गोशाला में कई गायों की मौत हो चुकी है। लोग दावा कर रहें हैं कि एक माह में कई गायों की मौत इस गोशाला में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात ग्राम विकास अधिकारी गायों की बिल्कुल देखभाल नहीं कर रहे हैं। उनकी अनदेखी और उदासीनता के कारण ही गायों की बेवजह मौत हो रही है जो गौ संरक्षण केंद्र की अव्यवस्था का जीता जागता उदाहरण है लेकिन गौ संरक्षण केंद्र की अव्यवस्था पर आला अधिकारियों ने भी चुप्पी साध रखी है।

**जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते गाय के शवों को नोच खा रहे हैं कुत्ते**



गौ संरक्षण केंद्र में मृतक पड़े गोवंश

# ठेकेदार की लापरवाही बना महिला की मौत का कारण

**दोषी अधिकारियों ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी करने का प्रयास भी सरकार और उनके अधिकारियों ने नहीं किया**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के पट्टी परवेजा बाद गांव में नाली की खुदाई जेसीबी मशीन से करने के दौरान मकान की दीवार भरभरा कर गिर पड़ी जिससे पूरा परिवार मकान में दब गया हादसे में रीना देवी पत्नी आशीष कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई और उनकी बेटी ऋषि गंभीर हालत में घायल है जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है कि इस हादसे में परिवार के अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और विभागीय ठेकेदारों की घोर लापरवाही उजागर हुई है पट्टी परवेजा बाद गांव से जलीलपुर तक सड़क बनाए जाने के बाद सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार से कराया जा रहा था सड़क और ग्रामीणों के आवास के बीच जगह की कमी होने के बाद भी नाली निर्माण में ठेकेदार ने जेसीबी मशीन से नाली की खुदाई शुरू कर दी ग्रामीणों ने इस बात का विरोध किया लेकिन ठेकेदार की दबंगई के आगे ग्रामीणों की एक नहीं चल सकी जेसीबी चालक लापरवाही से नाली की खुदाई कर रहा था जेसीबी मशीन ने महिला के मकान के दीवाल की नींव को खोद दिया जिससे महिला के मकान की दीवार भरभरा कर गिर पड़ी हादसे में पूरा परिवार दीवाल के मलवे में दब गया और एक महिला की मौके पर तड़प तड़प कर मौत हो गई। ठेकेदार की लापरवाही के बाद बेवजह महिला की मौत के बाद अब सवाल उठता है कि क्या किसी को मौत देने के बाद गांव का विकास कराया जाना जायज है और यदि किसी को मौत देकर के गांव का विकास कराना जायज नहीं है तो ठेकेदार से मिल कर विभागीय अधिकारियों ने कैसे कार्य योजना बनाई जिससे खुदाई के समय मकान की दीवार गिर गई घटना को 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी अभी तक दोषी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करा कर उन्हें निलंबित कर उनकी गिरफ्तारी करने का प्रयास योगी सरकार और उनके अधिकारियों ने नहीं किया है आखिरी महिला की मौत के बाद दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने में हीला हवाली क्यों हो रही है मामले में समाजवादी पार्टी के एक नेता की भी भूमिका सवालों के घेरे में है सपा नेता इस सड़क के नाली निर्माण के ठेकेदार हैं नाली खुदाई के दौरान मकान की दीवार गिर जाने से महिला की मौत के मामले में समाजवादी पार्टी के नेता ठेकेदार जेसीबी संचालक और जेसीबी चालक की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है यदि रीना देवी की मौत के मामले में पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो समाजवादी पार्टी के ठेकेदार नेता जेसीबी संचालक जेसीबी चालक के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर होना तय है लेकिन क्या इन दोषियों पर मुकदमा दर्ज होगा और इन दोषियों की गिरफ्तारी होगी पीड़ित परिजनों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।



जेसीबी की लापरवाही से गिरे घर का दृश्य

# किसानों गरीबों आम जनता के लिए मरते दम तक करूंगा संघर्ष : विजय शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के सिराथू विधानसभा प्रत्याशी विजय शुक्ला बुधवार को सेलरहा, मलाक सद्दी, कमालपुर, इस्माईलपुर आदि गांवों का दौरा किया और लोगों से सिराथू विधानसभा चुनाव में समर्थन करने की अपील की। इस अवसर पर लोगों से वार्ता करते हुए विजय शुक्ला ने कहा कि किसानों, गरीबों, आम जनता के लिए मै मरते दम तक संघर्ष करूंगा। मैंने लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया है और मै इसी तरह लोगों की सेवा करता रहूंगा। विधानसभा चुनाव के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मै सिराथू विधानसभा का स्थानीय प्रत्याशी हूं और अपने क्षेत्र की समस्यायों से परिचित हूं। लिहाजा अगर आप सब लोगों ने मुझे विधायक बनाया तो निश्चित ही मै अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करूंगा और क्षेत्र का विकास करीब। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, राजन शुक्ला, आशीष पाल, रोहित सिंह, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।



भ्रमण के दौरान मौजूद समर्थ किसान पार्टी नेता

## संपादक की कलम से

# अनूठे कलाकार बिरजू महाराज

**कथक** सम्राट पंडित बिरजू महाराज के निधन से भारतीय कला जगत ने अपने एक अनूठे कलाकार को खो दिया है। बिरजू महाराज का निधन संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है। कथक के पर्याय रहे बिरजू महाराज देश के प्रसिद्ध शास्त्रीय नर्तक थे। वे भारतीय नृत्य की कथक शैली के आचार्य और लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराने के प्रमुख थे। बिरजू महाराज का जन्म 4 फरवरी 1938 को लखनऊ के कालका-बिन्दादीन घराने में हुआ था। बिरजू महाराज का नाम पहले दुखहरण रखा गया था। यह बाद में बदल कर बृजमोहन नाथ मिश्रा हुआ। इनके पिता का नाम जगन्नाथ महाराज था, जो लखनऊ घराने से थे और वे अच्छन महाराज के नाम से जाने जाते थे। बिरजू महाराज जिस अस्पताल में पैदा हुए, उस दिन वहां उनके अलावा बाकी सब लड़कियों का जन्म हुआ था, इसी वजह से उनका नाम बृजमोहन रख दिया गया। जो आगे चलकर बिरजू और फिर बिरजू महाराज हो गया। पंडित जी या महाराज जी के उपनाम से लोकप्रिय रहे बिरजू महाराज को देश के शीर्ष कथक नृतकों में से एक माना जाता रहा है। दशकों से वह कला जगत के सिरमौर रहे हैं। उनका संबंध कथक नृतकों के महाराज परिवार से रहा है। उनके चाचा शंभू महाराज और लच्छू महाराज भी कथक के नृतक थे। इसके अलावा उनके पिता और गुरु अच्छन महाराज भी हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक के बड़े कलाकार थे। कथक नृत्य के जरिए सामाजिक संदेश देने के लिए बिरजू महाराज को हमेशा याद किया जाएगा। बिरजू महाराज ने देवदास, डेढ़ इश्किया, उमराव जान और बाजी राव मस्तानी जैसी फिल्मों के लिए डांस कोरियोग्राफ किया था। इन्होंने सत्यजीत राय की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी में संगीत दिया था। बिरजू महाराज को 1983 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और कालिदास सम्मान भी मिला था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और खैरागढ़ विश्वविद्यालय ने बिरजू महाराज को डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी थी। पिता अच्छन महाराज को अपनी गोद में महज तीन साल की उम्र में ही बिरजू की प्रतिभा दिखने लगी थी। इसी को देखते हुए पिता ने बचपन से ही अपने यशस्वी पुत्र को कला दीक्षा देनी शुरू कर दी।

# नई तकनीकों के बीच रोजगार की चुनौती

-भरत झुनझुनवाला-

**तमाम वैश्विक** आकलनों के अनुसार भारत विश्व की सबसे तेज आर्थिक विकास हासिल करने वाली अर्थव्यवस्था बन चुका है। वैश्विक सलाहकारी संस्था प्राइस वाटरहॉउस कूपर्स ने कहा है कि 2050 में भारत चीन के बाद विश्व की नंबर-2 अर्थव्यवस्था बन सकता है, यदि आर्थिक सुधारों को लागू किया जाए। सामान्य रूप से वैश्विक संस्थाओं का दबाव रहता है कि जीएसटी, बुनियादी संरचना, पूंजी के मुक्त आवागमन और मुक्त व्यापार जैसे सुधारों को लागू किया जाए। गौर करने वाली बात यह है कि इन्हीं सुधारों को लागू करने के बावजूद हमारी आर्थिक विकास दर पिछले छह वर्षों में लगातार गिर रही है। इसलिए इतना सही है कि हमें आर्थिक नीतियों में बदलाव करना पड़ेगा, लेकिन यह सही नहीं कि इन्हीं आर्थिक सुधारों के सहारे हम आगे बढ़ सकेंगे। यहां विश्व की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थ व्यवस्था और आर्थिक विकास दर में गिरावट के विपरीताभास से भ्रमित नहीं होना चाहिए, चूंकि हमारी कथित तेज विकास दर अंधों में काना राजा जैसी है। सत्य यह है कि हमारी आर्थिक विकास दर में गिरावट केवल आर्थिक नीतियों के बल पर नहीं संभल सकती है।




वर्तमान वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौती नई तकनीकों से सामंजस्य बैठाने की है। सेंट स्टीफेंस यूनिवर्सिटी कनाडा के प्रोफेसर मैथ्यू जानसन ने कहा है कि 2035 तक 50 प्रतिशत रोजगार का हनन हो जाएगा क्योंकि ये कार्य रोबोट द्वारा किए जाएंगे। भारत के लिए यह परिस्थिति विशेषकर दुरूह है क्योंकि बड़ी संख्या में युवा हमारे श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। यदि इन्हें आय अर्जित करने का समुचित अवसर नहीं मिलेगा तो ये कुंठित होंगे और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होंगे। औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के एक प्रोफेसर ने बताया कि उनके एमए की डिग्री हासिल किए हुए छात्र एटीएम तोड़ने जैसी आपराधिक घटनाओं में लिप्त हो रहे हैं क्योंकि उनके पास रोजगार नहीं हैं। दूसरी तरफ केरल में एक रेस्तरां में एक रोबोट द्वारा भोजन परोसा जा रहा है और हमारी अपनी मेट्रो में भी बिना ड्राईवर की ट्रेन को चलाया गया है। इसलिए 2 परस्पर विरोधी चाल हमारे सामने है। एक तरफ नई तकनीकों के उपयोग से रोजगार का हनन हो रहा है तो दूसरी ओर बड़ी संख्या में युवा श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। इस समस्या को और गंभीर बनाया है हमारी उन नीतियों ने जिनमें छोटे उद्यमियों को बड़े उद्यमों से सीधे प्रतिस्पर्धा में खड़े होने के लिए कहा गया है। बड़े उद्योगों की उत्पादन लागत कम आती है। जैसे दवा का उत्पादन करने वाली बड़ी कम्पनी कच्चे माल को चीन से आयात करेगी, कंटेनर को ब्राजील से लाएगी और इलेक्ट्रानिक उपकरण जर्मनी से आयात करेगी। इनके पास अच्छी गुणवत्ता के इंजीनियर होंगे।

बड़े पैमाने पर भी उत्पादन करने से लागत कम आती है, जैसे घानी से तेल निकालने में लागत ज्यादा आती है जबकि एक्सपेलर में लागत कम आती है। इसलिए बड़े उद्योगों को बढ़ावा देकर हम सस्ते माल का उत्पादन अवश्य कर रहे हैं, लेकिन इसमें रोजगार का हनन हो रहा है। हमारे सामने ही नहीं बल्कि विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि हम युवाओं को इस बदलते तकनीकी परिदृश्य में रोजगार उपलब्ध कराएं। अंतरराष्ट्रीय सलाहकारी कम्पनी आर्थर डी लिटिल और बैंक आफ अमरीका ने कहा है कि स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहन और छोटे उद्योगों को सहायता देनी चाहिए। लेकिन प्रोत्साहन पर्याप्त नहीं होगा। कारण यह कि छोटे उद्यमी की उत्पादन लागत ज्यादा आएगी ही। इन्हें कच्चा माल छोटी मात्रा में स्थानीय सप्लायर से खरीदना पड़ता है, तुलना में घटिया गुणवत्ता के इलेक्ट्रानिक उपकरण लगाने पड़ते हैं और एक ही व्यक्ति को उत्पादन, बैंक, खाता, श्रमिक, आदि सब काम देखने पड़ते हैं। इन सभी कार्यों में इनकी कुशलता बड़ी कम्पनियों की तुलना में न्यून होती है। इस समस्या का समाधान भारत सरकार द्वारा छोटे उद्योगों के क्लस्टर बनाकर हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मनमोहन सिंह सरकार के समय एक कमेटी ने कहा था कि छोटे उद्योगों का विशेष स्थानों पर एक झुण्ड बना दिया जाए जैसे मुरादाबाद में पीतल के सामान का और लुधियाना में हौजरी का, तो ये बड़े उद्योगों का सामना करने में सक्षम हो सकते हैं। इनके कई कार्य सामूहिक स्तर पर किए जा सकते हैं जैसे कच्चे माल की गुणवत्ता की टेस्टिंग करना अथवा प्रदूषण नियंत्रण के उपकरण सामूहिक रूप से स्थापित करना इत्यादि। लेकिन इस नीति के बावजूद अपने देश में छोटे उद्योग पिट रहे हैं और रोजगार की समस्या गहराती जा रही है।

इसलिए केवल समर्थन की हवाई बातों को करने के स्थान पर हमें समझना होगा कि छोटे उद्योगों को यदि जीवित रखना है तो उन्हें वित्तीय सहायता देनी ही पड़ेगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि छोटे उद्योगों द्वारा बनाए गए माल की लागत अधिक होगी। जैसे बड़े उद्योग में बनाई गई टीशर्ट 200 रुपए में उपलब्ध हो सकती है तो छोटे उद्योग द्वारा 250 रुपए में। इस ऊंचे मूल्य को उपभोक्ताओं को वहन करना होगा। जो टीशर्ट हमें बड़ी कम्पनी से 200 रुपए में मिल सकती है उसे छोटे उद्योगों से उपभोक्ता को 250 रुपए में खरीदना होगा। प्रश्न है कि ऐसा क्यों किया जाए? मेरा मानना है कि हमें इस 50 रुपए के अतिरिक्त खर्च को ह्यरोजगार टैक्सह्ल के रूप में देखना चाहिए।

# चिंतनीय है लोकपाल के पास बैंकों के खिलाफ बढ़ती शिकायतें

-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा-

**यह बेहद** चिंतनीय है कि केवल एक साल में बैंकिंग लोकपाल के पास बैंकों के खिलाफ 3 लाख 41 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुई हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश शिकायतें शहरी क्षेत्र से है तो क्रेडिट कार्ड और रिकवरी एजेंटों के दुर्व्यवहार को लेकर अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। विचारणीय यह भी है कि शिकायतों का सिलसिला निजी क्षेत्र के बैंकों का अधिक है। इस मामले में राहत की बात यह है कि सरकारी क्षेत्र या यों कहें कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शिकायतें तुलनात्मक रूप से कम हैं। हालांकि एसबीआई में अन्य बैंकों के मर्जर के बाद हालात तेजी से बदले हैं और अब एसबीआई बैंक कर्मियों के व्यवहार को लेकर भी लोगों की सोच में बदलाव आया है और यह माना जा रहा है कि एसबीआई कर्मियों का व्यवहार भी रुखा होने लगा है। चौंकाने वाली बात यह है कि ताजा आंकड़ों के अनुसार चंडीगढ़ में सबसे अधिक शिकायतें दर्ज हुई हैं। कानपुर, दिल्ली, पटना, रायपुर और रांची एक-दूसरे के पीछे ही चल रहे हैं। मेट्रो सिटीज में सबसे अधिक 97 फीसदी शिकायतें क्रेडिट कार्ड से जुड़ी होने के साथ ही 80 प्रतिशत से ज्यादा शिकायतें रिकवरी एजेंटों की है। एक बदलाव और देखने को मिला है कि अब लोग ई मेल के साथ ही ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराने में भी आगे आए हैं। यह सब तस्वीर आरबीआई लोकपाल कार्यालय के 2020-21 के जारी आंकड़ों के अनुसार है। यह तय माना जाना चाहिए कि 2021-22 में भी हालात लगभग वही है और कोई खास बदलाव नहीं दिखता है। सबसे गंभीर यह कि बैंकों द्वारा बिना किसी सूचना के चार्जेज के नाम से सीधे खातों से रकम काट ली जाती है। अब हालात यह हो गए हैं कि आए दिन किसी ना किसी नाम से खातों से चार्जेज के नाम पर कटौती होने लगी है। पिछले सालों में खासतौर से डीबीटी सिस्टम चालू होने और जनधन खातों के बाद बैंकों की पहुंच आम आदमी तक आसान हुई है। कोरोना काल ने लोगों को और अधिक ऑनलाइन पेमेंट व पेटीएम आदि एप्स के माध्यम से भुगतान को बढ़ावा मिला है। हालांकि साइबर ठगों ने इन साधनों से लोगों के खातों में सेंधमारी भी तेजी से शुरू कर दी है। कभी किसी नाम से तो कभी किसी और तरीके से बैंक खातों में साइबर ठगी के मामले दिन-प्रतिदिन आने लगे हैं तो इस तरह के समाचार भी समाचार पत्रों के स्थाई कॉलम की तरह आने लगे हैं। आए दिन समाचार पत्रों के माध्यम से पता चलता है कि लिंक या किसी और बहाने से ओटीपी प्राप्त कर खातों से पैसे निकाल कर ठगी होने लगी है। हालांकि बैंकों ने इन मामलों में सतर्कता अभियान चलाकर लोगों को सचेत किया है पर परिणाम वही ढाक के तीन पात वाले ही हैं। एक ओर जब से बैंकों से आसानी से ऋण मिलने लगे हैं तो लोगों की आवश्यकताएं भी पूरी होने लगी है। कोई मकान के लिए तो कोई कार, व्हीकल, एलईडी या अन्य साधनों के लिए ऋण लेने लगे हैं। कोरोना के कारण लोगों की नौकरी प्रभावित हुई है तो वेतन भत्तों में कटौती के कारण आय प्रभावित हुई है। इससे ऋण की किस्त भी समय पर जमा नहीं होने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वहीं बैंकों द्वारा जो रिकवरी एजेंट नियुक्त किए गए हैं उनका व्यवहार बेहद चिंताजनक होता जा रहा है। ऐन केन प्रकारेण वसूली के लिए डराने-धमकाने से लेकर कार आदि बीच रास्ते उठा ले जाना आम होता जा रहा है। बैंकों की तुलना में इस तरह की घटनाएं ज्यादातर वित्तदायी संस्थाओं द्वारा अधिक हो रहा है। पर है यह बेहद चिंतनीय। एक और यह कि पर्सनल लोन की सहज सुलभता भी लोगों को कर्जे के बोझ के नीचे दबाती जा रही है। कहने को तो रुपए पैसे की जरूरत तत्काल पूरी हो जाती है पर एक तो इसकी ब्याज दर और फिर किस्त समय पर नहीं चुकी तो दण्डनीय ब्याज दर पुराने जमाने के किसी साहूकार से कम नहीं है। ऐसे में एक बार इस चक्रव्यूह में फंसने के बाद निकलना मुश्किल हो जाता है। एक समय था जब बैक की नौकरी सफेदपोश व प्रतिष्ठित नौकरी मानी जाती थी तो बैंक कर्मियों का व्यवहार अनुकरणीय माना जाता था। मामूली शिकायत पर तत्काल कार्यवाही होती थी तो एक सीट से दूसरी सीट पर बदलाव होता रहता था। इससे बैंक स्तर पर किसी तरह की गड़बड़ी की संभावना नहीं के बराबर होती थी। आज तो आए दिन बैंक कर्मियों द्वारा भी गबन घोटालों की खबर आम होती जा रही है। ऐसे गिने-चुने कर्मचारी ही हैं पर व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह तो उभर ही रहे हैं। समस्या की एक जड़ बैंकिंग क्षेत्र की कॉल सेंटर्स भी है। जब चाहे तब फोन करने में इन्हें महारत हासिल होने के साथ ही लुभावने वादों में लेकर लोगों को साध लेते हैं। भले ही आज एक साल में 3 लाख 41 हजार शिकायतें बैंकिंग लोकपाल के पास दर्ज होना कम लग रही हो पर यह अपने आप में चेताने के लिए काफी है। बैंकों को भी अपनी व्यवस्था को सुधारना होगा।

एक और बैंकों को पब्लिक और कस्टमर फ्रैण्डली बनना होता तो दूसरी और साइबर अपराध जैसे सेंध लगाने के तरीकों की तोड़ खोजनी होगी।

बैंकों को अपनी प्रतिष्ठा स्वयं बनानी होगी तो पब्लिक ग्रिवेंस के प्रति संवेदनशील होना होगा। शिकायत एक हो या एक हजार शिकायत आखिर शिकायत ही होती है इसलिए ऐसे हालात आने से रोकने होंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि आज लोगों में बैंकों के प्रति विश्वास बढ़ा है अब इस विश्वास पर खरा उतरने की जिम्मेदारी भी बैंकों की हो जाती है।

# मेजर एचपीएस अहलूवालिया: महान पर्वतारोही और दिव्यांगों के मित्र को याद रखे देश

-आर.के. सिन्हा-

**महान** पर्वतारोही मेजर एचपीएस अहलूवालिया देश के 60 की उम्र पार कर गई पीढ़ी के लिए किसी नायक से कम नहीं थे। मेजर एचपीएस अहलूवालिया उस पर्वतारोही दल के सदस्य थे जिसने 20 मई 1965 को माउंट एवरेस्ट की चोटी को फतह किया था।

वह भारतीय सेना का पर्वतारोही दल था। यानी मेजर एचपीएस अहलूवालिया एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाले पहले भारतीयों में से एक थे। मतलब तेनजिंग नोर्गे और एडमंड हिलेरी के छह सालों के बाद भारतीय दल एवरेस्ट पर चढ़ा था। मेजर अहलूवालिया ने 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ जंग में भी सक्रिय रूप से भाग भी लिया था। उन्होंने रणभूमि में दुश्मन सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। उनका विगत शुक्रवार को निधन हो गया। वे 85 साल के थे।

पाकिस्तान से जंग के दौरान उनके शरीर का एक हिस्सा पक्षाघात से ग्रस्त हो गया था। इससे वे विचलित नहीं हुए। वे आजीवन दिव्यांगजनों के हितों के लिए काम करते रहे। उन्होंने राजधानी में इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर की स्थापना की। यह देश का अपनी तरह सबसे शानदार अस्पताल है। इस अस्पताल में रीढ़ की बीमारियों से संबंधित रोगों का इलाज होता है। अब आप खुद देख लें कि कोई इंसान एक जीवन में कितने सार्थक काम कर सकता है।

मेजर अहलूवालिया का जीवन बेहद प्रेरक रहा। वे सैनिक, पर्वतारोही, लेखक और अस्पताल के संस्थापक थे। उनकी बात करते हुए हमें अपने देश के दिव्यांग जनों के हितों के बारे में संवेदनहीनता की मानसिकता को छोड़ना होगा। दिव्यांगजनों को भी बाकी नागरिकों की तरह ही देखा जाना चाहिए। उन्हें अहसान की जरूरत नहीं। भारत में मानसिक और शारीरिक तौर पर विकलांग लोगों को रोजाना किसी न किसी तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता है। क्या हमारे देश के विकलांगों के मनमाफिक घरों या कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है? इस सवाल का जवाब नकारात्मक ही मिलेगा। कारण यह है कि हमारे यहाँ दिव्यांग जनों के हितों को लेकर सरकार से लेकर समाज का रवैया ठंडा ही रहता है।

मेजर एचपीएस अहलूवालिया जैसे जागरूक नागरिक तो गिनती के हैं जो सरकार और समाज को जगाते रहते हैं। उन्हें बताते रहते हैं कि दिव्यांगजनों को उनकी हालत पर छोड़ा नहीं जा सकता। देश में 16 किस्म की विकलांगता है। मेजर अहलूवालिया स्वयं भी व्हीलचेयर पर चलते थे। वे मानते थे कि व्हीलचेयर पर चलने वाली आबादी को अपने घर से बाहर लाने, कॉलेज या दफ्तर जाने के लिए बस पकड़ने, शापिंग कांप्लेक्स जाने या अन्य सार्वजनिक इमारतों में प्रवेश की वैसी ही सुविधा होनी चाहिए जैसी सामान्य लोगों के लिए होती है। लेकिन, स्थिति यह है कि अधिकतर स्थानों पर दिव्यांग व्यक्ति आसानी से आ-जा नहीं सकता। हमारे यहां इनके लिए हाई-राइज बिल्डिंगों और घरों में पर्याप्त जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर गंभीरता से नहीं सोचा जा रहा। यही स्थिति बुजुर्गों की भी है। हमारे देश में बुजुर्गों और विकलांगों दोनों की अनदेखी हो रही है।

अब कुछ दिनों के बाद केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। अगर वो अपने बजट प्रस्तावों में उन बिल्डरों को टैक्स में राहत दें जो दिव्यांग जनों को किसी तरह से मदद दे रहे हैं, तो यह एक तरह से मेजर एचपीएस अहलूवालिया जैसे विकलांगों और विकलांग सेवियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत में रीयल एस्टेट सेक्टर ने बीते चंद दशकों के दौरान लंबी छलांग लगाई है, पर उन रीयल एस्टेट कंपनियों को उंगलियों पर गिना जा सकता है जो विकलांगों तथा बुजुर्गों की सुविधा का ध्यान रखकर ही अपने प्रोजेक्टों का निर्माण कर रही हैं। अब भी आपको इस तरह की आवासीय और कमर्शियल इमारतें कम ही मिलेंगी जिनमें विकलांगों की व्हीलचेयर को लिफ्ट के अंदर लेकर जाया जा सकता है। लिफ्ट में इतना कम स्पेस रहता है कि व्हीलचेयर को उसके अंदर लेकर जाना मुमकिन ही नहीं होता। बाथरूम और किचन में कैबिनेट इतनी ऊंचाई में होते हैं कि विकलांग इंसान के लिए उनका इस्तेमाल करना बेहद कठिन होता है।

मेजर एचपीएस अहलूवालिया के बहाने यह भी कहना पड़ रहा है कि हमें अपने यहां पर्वतारोहियों को भी गति देनी होगी। उन पवार्तारोहियों को उनका हक देना होगा जिनकी खास उलब्धियां रही हैं।

# नियमों के सरलीकरण की तरफ बढ़ता प्रदेश

-संजय शर्मा-

**आज के** संदर्भ में ह्यह्यव्यापार में सुगमताह्लह्ल शब्द उद्यमियों के लिए बहुत अपरिचित नहीं है। वर्ष 2014-15 से चल रहे इन सुधारों की प्रक्रिया अभी भी जारी है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश पूरे देश में व्यापार में सुगमता के क्षेत्र में ह्यह्य17वीं पायदानह्लह्ल से ह्यह्य7वेंह्लह्ल स्थान पर खड़ा है। इसे पहाड़ी राज्यों में बहुत तीव्र गति से आगे बढ़ने वाले प्रदेश के रूप में चिन्हित किया गया है। कमोबेश आज उद्यमी इस बात को स्वीकार करता है कि ह्यह्यसिंगल विण्डो पोर्टलह्लह्ल के माध्यम से व्यापार से संबंधित सभी विभागों द्वारा दी जाने वाली सेवाएं ह्यह्यऑनलाईनह्लह्ल हो गई हैं व एक तय समय में दी जा रही हैं। इससे उद्यमी की परियोजना लागत व परियोजना स्थापित करने के समय में काफी कमी आई है। ह्यह्यव्यापार में सुगमताह्लह्ल के साथ-साथ ह्यह्यजीवन में भी सुगमताह्लह्ल एक अहम पहलू है। ह्यह्यएक देश-एक राशन कार्डह्लह्ल, का ही उदाहरण लें तो आज 75 करोड़ लाभार्थी देश के किसी भी कोने में रहते हुए राशन प्राप्त कर सकते हैं। यह कुल राशन कार्ड धारकों का लगभग 94.3 प्रतिशत बनता है। ऐसे ही ड्राविंग लाइसेंस, मोटर व्हीकल लाइसेंस व उनका नवीनीकरण भी अब ऑनलाईन हो गया है। एक आम व्यक्ति को अब बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

उसका समय और पैसा बच रहा है। परंतु केन्द्रीय व राज्य स्तर पर अभी भी ऐसे हजारों नियम, कानून व प्रक्रियाएं हैं, जो आज के परिप्रेक्ष्य में या तो बहुत पेचीदा हैं या उनकी उपादेयता समाप्त हो गई है। फिर भी नियम व कानून के नाम पर उद्यमी अथवा एक आम नागरिक इन्हें ढोए जा रहा है। ह्यव्यापार में सुगमताह्ल व ह्यजीवन में सुगमताह्ल तभी आ सकती है, यदि इन नियम, कानून व प्रक्रियाओं को या तो कम किया जाए, समाप्त किया जाए या इनका सरलीकरण किया जाए। इसे ही नियामक अनुपालन भार (मिनिमाइजिंग रेगुलेटरी कम्पलाइंस बर्डन) को कम करना कहते हैं। जुलाई 2021 से केन्द्र सरकार के कैबिनेट सचिव की देख-रेख में ह्यह्यऔद्योगिक संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभागह्लह्ल भारत सरकार की ओर से यह राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया चल रही है। हाल ही में 22 दिसंबर को दिल्ली के ह्यह्यअंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केन्द्रह्लह्ल में वाणिज्य मंत्री की अध्यक्षता व कैबिनेट सचिव की उपस्थिति में सभी राज्यों के लिए नियामक अनुपालन भार कम करने संबंधी एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी हितधारकों के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया कि कैसे इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। आज लगभग 26,300 से अधिक नियम, कानून व प्रक्रियाओं को कम किया जा चुका है।

# सुभाष बाबू की याद ! वाह !!

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-

**हमारे** गणतंत्र दिवस पर यों तो सरकारें तीन दिन का उत्सव मनाती रही हैं लेकिन इस बार 23 जनवरी को भी जोड़कर इस उत्सव को चार-दिवसीय बना दिया गया है। 23 जनवरी इसलिए कि यह सुभाषचंद्र बोस का जन्म दिवस होता है। सुभाष-जयंती पर इससे बढ़िया श्रद्धांजलि उनको क्या हो सकती है? भारत के स्वातंत्र्य-संग्राम में जिन दो महापुरुषों के नाम सबसे अग्रणी हैं, वे हैं- महात्मा गांधी और सुभाषचंद्र बोस। 1938 में कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में गांधी और नेहरू के उम्मीदवार पट्टाभि सीतारम्मय्या को सुभाष बाबू ने हराकर इतिहास कायम किया था। वे मानते थे कि भारत से अंग्रेजों को बेदखल करने के लिए फौजी कार्रवाई भी जरूरी है। उन्होंने जापान जाकर आजाद हिंद फौज का निर्माण किया, जिसमें भारत के हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख और सभी जातियों के लोग शामिल थे। उस फौज के कई अफसरों और सिपाहियों से पिछले 65-70 साल में मेरा कई बार संपर्क हुआ हैं। उनका राष्ट्रप्रेम और त्याग अद्भुत रहा है। कई मामलों में गांधीजी के अहिंसक सत्याग्रहियों से भी ज्यादा! मैं सोचता हूं कि यदि सुभाष बाबू 1945 की हवाई दुर्घटना में बच जाते और आजादी के बाद भारत आ जाते तो जवाहरलाल नेहरू का प्रधानमंत्री बने रहना काफी मुश्किल में पड़ जाता। लेकिन नेहरू का बड़प्पन देखिए कि अब से 65 साल पहले वे सुभाष बाबू की बेटी अनिता शेंकल को लगातार 6000 रु. प्रतिवर्ष भिजवाते रहे, जो कि आज के हिसाब से लाखों रु. होता है। इंदिरा गांधी ने सुभाष बाबू के सम्मान में डाक-टिकिट जारी किया, राष्ट्रीय छुट्टी रखी, कई सड़कों और भवनों के नाम उन पर रखे। 1969 में जब इंदिराजी काबुल गईं तो मेरे अनुरोध पर उन्होंने 'हिंदू गूजर' नामक मोहल्ले के उस कमरे में जाना स्वीकार किया, जिसमें सुभाष बाबू छद्म वेष में रहा करते थे लेकिन अफगान विदेश मंत्री डॉ. खान फरहादी ने मुझसे कहा कि इंदिराजी को वहां नहीं जाने की सलाह हमने भेजी है, क्योंकि वह जगह सुरक्षित और स्वच्छ नहीं है। जो भी हो, मैंने काबुल के उस कमरे में एक छोटा-सा उत्सव-जैसा करके सुभाष बाबू का चित्र प्रतिष्ठित कर दिया था। मैं अब भाई नरेंद्र मोदी को बधाई देता हूं कि उन्होंने सुभाष बाबू के जन्म-दिवस को मनाने का इतना सुंदर प्रबंध कर दिया है।

# पंडित बृजमोहन मिश्र यानी बिरजू महाराज

-संजय तिवारी-

**प्रसिद्ध** कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। पद्म विभूषण से सम्मानित 83 साल के बिरजू महाराज ने रविवार और सोमवार की दरमियानी रात दिल्ली के साकेत हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। बिरजू महाराज की पोती रागिनी ने बताया कि महाराज का एक महीने से इलाज चल रहा था। बीती रात करीब 12.15-12.30 बजे उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट किया गया, लेकिन उन्हें नहीं बचाया जा सका। पंडित बिरजू महाराज प्रसिद्ध भारतीय कथक नर्तक थे। वे शास्त्रीय कथक नृत्य के लखनऊ कालिका-बिन्दादिन घराने के अग्रणी नर्तक थे। पंडित जी कथक नर्तकों के महाराज परिवार के वंशज थे जिसमें अन्य प्रमुख विभूतियों में इनके दो चाचा व ताऊ, शंभु महाराज एवं लच्छू महाराज तथा इनके पिता एवं गुरु अच्छन महाराज भी आते हैं। हालांकि इनका प्रथम जुड़ाव नृत्य से ही है, फिर भी इनकी गायन पर भी अच्छी पकड़ थी तथा ये एक अच्छे शास्त्रीय गायक भी थे।

पंडित बिरजू महाराज ने कथक नृत्य में नये आयाम जोड़े, नृत्य-नाटिकाओं को जोड़कर उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कथक को समर्पित 'कलाश्रम' की स्थापना भी की। इसके अलावा विश्व भ्रमण कर सहस्त्रों नृत्य कार्यक्रम करने के साथ-साथ कथक शिक्षार्थियों हेतु सैंकड़ों कार्यशालाएं भी आयोजित की। अपने चाचा शम्भू महाराज के साथ नई दिल्ली स्थित भारतीय कला केन्द्र, जिसे बाद में कथक केन्द्र कहा जाने लगा, उसमें काम करने के बाद इस केन्द्र के अध्यक्ष पर भी कई वर्षों तक आसीन रहे। तत्पश्चात 1998 में वहां से सेवानिवृत्त होने पर अपना नृत्य विद्यालय कलाश्रम भी दिल्ली में ही खोला।

बिरजू महाराज का जन्म कथक नृत्य के लिये प्रसिद्ध जगन्नाथ महाराज के घर हुआ था, जिन्हें लखनऊ घराने के अच्छन महाराज कहा जाता था। ये रायगढ़ रजवाड़े में दरबारी नर्तक हुआ करते थे। इनका नाम पहले दुखहरण रखा गया था, क्योंकि ये जिस अस्पताल पैदा हुए थे, उस दिन वहाँ उनके अलावा बाकी सब कन्याओं का ही जन्म हुआ था, जिस कारण उनका नाम बृजमोहन रख दिया गया। यही नाम आगे चलकर बिगड़ कर 'बिरजू' और उससे 'बिरजू महाराज' हो गया। इनको उनके चाचाओं लच्छू महाराज एवं शंभु महाराज से प्रशिक्षण मिला तथा अपने जीवन का प्रथम गायन इन्होंने सात वर्ष की आयु में किया। 20 मई, 1947 को जब ये मात्र 9 वर्ष के ही थे, इनके पिता का स्वर्गवास हो गया। कुछ वर्ष उपरान्त इनका परिवार दिल्ली में रहने लगा।

बिरजू महाराज ने मात्र 13 वर्ष की आयु में ही नई दिल्ली के संगीत भारती में नृत्य की शिक्षा देना आरम्भ कर दिया था। उसके बाद उन्होंने दिल्ली में ही भारतीय कला केन्द्र में सिखाना आरम्भ किया। कुछ समय बाद इन्होंने कथक केन्द्र (संगीत नाटक अकादमी की एक इकाई) में शिक्षण कार्य आरम्भ किया। यहां ये संकाय के अध्यक्ष थे तथा निदेशक भी रहे। तत्पश्चात 1998 में इन्होंने वहीं से सेवानिवृत्ति पायी। इसके बाद कलाश्रम नाम से दिल्ली में ही एक नाट्य विद्यालय खोला।

उन्होंने सत्यजीत राय की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी की संगीत रचना की तथा उसके दो गानों पर नृत्य के लिये गायन भी किया। इसके अलावा वर्ष 2002 में बनी हिन्दी फिल्म देवदास में एक गाने- काहे छेड़ छेड़ मोहे का नृत्य संयोजन भी किया। कई हिन्दी फिल्मों जैसे डेढ़ इश्किया, उमराव जान तथा संजय लीला भन्साली निर्देशित बाजी राव मस्तानी में भी कथक नृत्य के संयोजन किये।

बिरजू महाराज को अपने क्षेत्र में आरम्भ से ही काफी प्रशंसा एवं सम्मान मिले, जिनमें 1986 में पद्म विभूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा कालिदास सम्मान प्रमुख हैं। इनके साथ ही इन्हें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि मानद मिली।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे राफेल नडाल



**मेलबर्न।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। नडाल ने मेलबर्न पार्क में खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में जर्मनी के यानिक हनफमैन को शिकस्त दी।

वर्ष 2009 के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैम्पियन नडाल ने दो घंटे 42 मिनट तक चले मैच में जर्मन क्वालीफायर हनफमैन को 6-2, 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अगस्त के मध्य से अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ने दुनिया के 126वें नंबर के खिलाड़ी को आसानी से शिकस्त दी। नडाल ने अपने भारी ग्राउंडस्ट्रोक का इस्तेमाल किया, जिसका हनफमैन के पास कोई जवाब नहीं था। तीसरे दौर में नडाल का सामना ओलंपिक रजत पदक विजेता करेन खाचानोव और बेंजामिन बोन्जी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : पहले दौर में ही हारकर बाहर हुई बोपन्ना और एडौर्ड की जोड़ी



**मेलबर्न।** भारतीय स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और एडौर्ड रोजर-वेसलिन की जोड़ी को बुधवार को चल रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

कोर्ट 5 में खेलते हुए, वाइल्ड कार्ड एंट्री, फिलीपींस के ट्रीट ूई और इंडोनेशिया के क्रिस्टोफर रूंगकट ने बोपन्ना और फ्रेंचमैन एडौर्ड की जोड़ी को 3-6, 7-6 (2), 6-2 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटे 48 मिनट तक चला।

बोपन्ना और एडौर्ड ने मैच की शुरूआत तेज गति से की और पहला सेट आसानी से 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद फिलीपींस और इंडोनेशिया की जोड़ी ने दूसरे सेट में टाईब्रेक गेम में वापसी और दूसरा सेट 7-6 से जीतकर 1-1 की बराबरी कर ली। निर्णायक सेट में ूई और रूंगकट को कोई परेशानी नहीं हुई और आसानी से 6-2 से सेट अपने नाम कर मैच भी जीत लिया।

## एवर्टन के कार्यवाहक प्रबंधक नियुक्त हुए डंकन फर्ग्यूसन



**लिवरपूल।** इंग्लिश फुटबॉल क्लब एवर्टन ने प्रीमियर क्लब के आगामी मैचों के लिए डंकन फर्ग्यूसन को क्लब का कार्यवाहक प्रबंधक नियुक्त किया है। फर्ग्यूसन ने मंगलवार सुबह यूएसएम फिंच फार्म में प्रशिक्षण का कार्यभार संभाला। एवर्टन की टीम ने शनिवार को एस्टन विला के खिलाफ मुकाबले की तैयारी शुरू कर दी है। फर्ग्यूसन एवर्टन के अकादमी कोचिंग के प्रमुख जॉन एब्रेल और गोलकीपिंग कोच एलन केली के साथ मिलकर काम करेंगे।

यह दूसरी बार है जब फर्ग्यूसन ने क्लब में कार्यवाहक प्रभार लिया है, इससे पहले उनके नेतृत्व में क्लब ने दिसंबर 2019 में चेल्सी, मैनचेस्टर यूनाइटेड और आर्सेनल के खिलाफ तीन लीग मैचों से पांच अंक हासिल किये थे। बता दें कि रविवार को, एवर्टन ने मैनेजर राफेल बेनिटेज को बर्खास्त कर दिया था। जून 2021 में एवर्टन में शामिल हुए बेनिटेज ने तत्काल प्रभाव से क्लब छोड़ दिया। एवर्टन को नॉर्विच सिटी के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करने के बाद क्लब ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था।

## जोकोविच के वीजा से जुड़े विवाद की समीक्षा करेगा टेनिस आस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच के वीजा रद्द होने के मामले में कानूनी लड़ाई हारने के दो दिन बाद टेनिस आस्ट्रेलिया ने बयान जारी करके कहा कि आस्ट्रेलियाई ओपन समाप्त होने के बाद इस पूरे मामले की समीक्षा की जाएगी। टूनामेंट सोमवार को शुरू हो गया। फेडरल कोर्ट के तीन जजों ने जोकोविच की वीजा बहाल करने की अपील नामंजूर कर दी और उन्हें रात को ही देश छोड़ना पड़ा। वह दुबई के रास्ते अपने देश सर्बिया पहुंचे।

जोकोविच को टेनिस आस्ट्रेलिया और विक्टोरिया प्रांत ने कोविड-19 टीकाकरण के देश कड़े नियमों से चिकित्सकीय छूट दी थी क्योंकि उन्हें पिछले महीने कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया था। लेकिन सीमा अधिकारियों ने उनकी छूट नामंजूर कर दी और उनका वीजा रद्द कर दिया। इसके बाद 11 दिन तक चले नाटकीय घटनाक्रम के बाद उन्हें आस्ट्रेलियाई ओपन में अपने खिताब का बचाव करने का मौका नहीं मिला।

टेनिस आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, प्रत्येक घटना से हमेशा कुछ न कुछ सीख मिलती है। हम अपनी तैयारियों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे जैसा कि हम हर साल करते हैं। इसमें कहा गया है, आस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन को ट्राफी मिलने के बाद यह प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

## ईरान के रक्षण को तोड़कर जीत के साथ आगाज करेंगे : डेनेरबी

**मुंबई।** भारत के मुख्य कोच थॉमस डेरेनबी ने मंगलवार को कहा कि मेजबान टीम ईरान के मजबूत रक्षण में सेंध लगाकर एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल के पहले मैच में बृहस्पतिवार को जीत के साथ शुरूआत करने उतरेगी। ईरान के खिलाफ मैच क्वार्टर फाइनल में प्रवेश के लिये महत्वपूर्ण होगा। ग्रुप ए में ईरान सबसे निचली रैंकिंग वाली टीम है जिसमें चीन और चीनी ताइपे भी है। ईरान विश्व रैंकिंग में 70वें और भारत 55वें स्थान पर है। डेरेनबी ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हमारा पहला लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है और यह हम कर सकते हैं। ईरान के खिलाफ मैच कठिन होगा। हमने उनके वीडियो देखे हैं। वह काफी मजबूत टीम है। उन्होंने कहा , उनका डिफेंस मजबूत है। हमें उसमें सेंध लगानी होगी जो आसान नहीं होगा।लेकिन हमारे पास ऐसा कर पाने में सक्षम खिलाड़ी है। हमें पूरे मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ईरान को हराने से भारत की क्वार्टर फाइनल की उम्मीदें बढ जायेगी। इससे वह आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में होने वाले फीफा विश्व कप के कम से कम अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ में जगह बना लेगा। टूर्नामेंट से पांच टीमें सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करेंगी। बाकी दो अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलेंगी।

## राहुल ने टेस्ट कप्तानी पर कहा, ऐसा होता है तो टीम को आगे ले जाने की पूरी कोशिश करूंगा

**पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)।** केएल राहुल भारत के पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान बनने के बारे में नहीं सोच रहे हैं लेकिन उन्होंने मंगलवार को यहां कहा कि यदि उन्हें इस प्रतिष्ठित पद के लिये चुना जाता है तो वह टीम को आगे ले जाने की अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिये कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे राहुल ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, देश की अगुवाई करना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है और यह ऐसा है जिसे वह लंबे समय तक संजोकर रखेगा। मैं भी कोई अपवाद नहीं हूं।

# आईपीएल 2022 में लखनऊ के लिए खेलेंगे लोकेश राहुल



**लखनऊ।** दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारतीय वनडे टीम के कप्तान लोकेश राहुल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में लखनऊ टीम की ओर से खेलते नजर आएंगे। लखनऊ ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस और युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को भी अपनी टीम में शामिल किया है। क्रिकइंफो को पता चला है कि राहुल को 15 करोड़, स्टॉयनिस को 11 करोड़ और बिश्नोई को चार करोड़ में खरीदने के बाद लखनऊ की टीम अब 60 करोड़ रुपए की राशि के साथ बड़ी नीलामी में उतरेगी। यह भी पता चला है कि राहुल टीम की कप्तानी भी करेंगे। 29 वर्षीय राहुल लखनऊ द्वारा चुने गए पहले खिलाड़ी हैं। अक्तूबर में संजीव गोयंका के आरपी ग्रुप ने 7 हजार 90 करोड़ रूपए में लखनऊ फ्रैंचाइजी खरीदी थी। 2018 से राहुल आईपीएल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। पिछले 2 सीजन में उन्होंने पंजाब किंग्स की कप्तानी भी की। हालांकि कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी टीम को कह दिया था कि वह भविष्य में उनके लिए नहीं खेलेंगे। राहुल को साल 2014 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने एक करोड़ रूपए में खरीदा था। उसके बाद वह साल 2016 में रॉयले चैलेंजर्स बैंगलुरु के लिए खेले और 2018 की नीलामी में उन्हें 11 करोड़ रूपए में पंजाब ने अपने साथ जोड़ा था। चार सीजन तक पंजाब किंग्स की टीम से खेलते हुए राहुल ने 56.62 के औसत से 2548 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 25 अर्धशतक और 2 शतक लगाए। इन चार सालों तक पंजाब के बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए रनों में से 26.52 प्रतिशत रन राहुल के बल्ले से निकले हैं। पिछले चार सीजन में उन्होंने क्रमश : 659, 593, 670, और 624 रन बनाए।

स्टॉयनिस के लिए लखनऊ उनकी चौथी आईपीएल फ्रैंचाइजी होगी। उन्होंने आईपीएल की शुरूआत 2015 में दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ की थी। साल 2020 में दोबारा दिल्ली की टीम (कैपिटल्स) में लौटे। कैपिटल्स के लिए 32 वर्षीय स्टोयनिस ने 142.71 के स्ट्राइक रेट से 441 रन बनाए हैं और साथ ही 15 विकेट भी लिए हैं।

बिश्नोई ने साल 2020 में साउथ अफ्रीका में खेले गए अंडर-19 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया था। उस प्रतियोगिता में बिश्नोई सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उस साल की आईपीएल नीलामी से पहले वह सबसे अधिक मांग वाले अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक थे। उनको अपनी टीम में शामिल करने में कई फ्रैंचाइजी ने गहरी दिलचस्पी दिखाई थी। पंजाब किंग्स ने 2020 की नीलामी में 2 करोड़ रुपए में उनको अपनी टीम में शामिल किया था। उस सीजन के 14 मैचों में बिश्नोई ने 12 विकेट लिए थे। हालांकि, पिछले आईपीएल में उन्हें अधिक मैच खेलने का मौका नहीं मिला।

# न्यूजीलैंड का ऑस्ट्रेलिया दौरा अगली सूचना तक स्थगित



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड का ऑस्ट्रेलिया दौरा अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। यह दौरा 30 जनवरी से 8 फरवरी के लिए निर्धारित था। इसका कारण न्यूजीलैंड में क्वारंटीन नियम और सीमा पर नियंत्रण है। न्यूजीलैंड क्रिकेट और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थगित मैच कब खेले जाएंगे, इसकी चर्चा जारी है।

न्यूजीलैंड के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा, ह्लहम जानते हैं कि ओमिक्रॉन आ गया है और इसके कारण न्यूजीलैंड की सरकार ने बदलाव किए हैं. इसके बाद बाहर से आने वाले यात्रियों को 10 दिन के सख्त क्वारंटीन में रहना होगा. न्यूजीलैंड क्रिकेट और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टूर को बढ़ाने के प्रस्ताव पर बात की और इस पर भी चर्चा की कि न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम किस दिन वापस लौटेगी ताकि ऐसी तारीख पर बात बन सके जो सरकार के लिए भी सही हो. दुर्भाग्यवश, आज सुबह हमें ये बताया गया कि वह इस मामले में कोई निश्चित तारीख नहीं दे सकते ह्व

बता दें कि दोनों देशों के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जानी थी, श्रृंखला का पहला मैच 30 जनवरी, दूसरा मैच दो फरवरी और तीसरा मैच पांच फरवरी को खेला जाना था। इकलौता टी20 मैच आठ फरवरी को होना था।

# सैयद मोदी इंटरनेशनल 2022 के दूसरे दौर में पहुंची पीवी सिंधु



**लखनऊ।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंटरनेशनल 2022 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यहां के बाबू बनारसी दास इंडोर स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने तान्या हेमंत को महज 27 मिनट में 21-9, 21-9 से हराया। 18 वर्षीय शटलर तान्या ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूनार्मेंट में शानदार शुरूआत की, लेकिन सिंधु ने जल्द ही 5-5 से बराबरी की और पहले हाफ के बाद 11-5 की आरामदायक बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद सिंधु ने तान्या को वापसी का मौका नहीं दिया और आराम से पहला गेम 21-9 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी सिंधु ने तान्या को मौका नहीं दिया और दूसरा गेम भी 21-9 से जीतकर मैच अपने नाम किया।

इससे पहले एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने मंगलवार को पुरुष एकल के अगले दौर में प्रवेश किया। दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 36 मिनट तक चले मुकाबले में यूक्रेन के डैनिलो बोस्नियुक को 21-14, 21-18 से हराया। अगले दौर में उनका सामना 19 साल के प्रियांशु राजावत से होगा।

# ऑस्ट्रेलियन ओपनः पहले दौर में हारी सानिया और नादिया किचेनोक की जोड़ी



**मेलबर्न।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और उनकी यूक्रेनी जोड़ीदार नादिया किचेनोक को बुधवार को चल रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला युगल वर्ग के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। स्लोवेनिया की काजा जुवान और तमारा जिदानसेक ने पहले दौर में मिर्जा और किचेनोक को 6-4, 7-6 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। मिर्जा और किचेनोक पहले सेट में कोई खास छाप नहीं छोड़ पाईं। हालांकि, दूसरे सेट में दोनों ने कुछ संघर्ष किया, लेकिन अंत में वह नाकाफी साबित हुई। इससे पहले भारतीय स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और एडौर्ड रोजर-वेसलिन की जोड़ी को भी पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। कोर्ट 5 में खेले गए मुकाबले में वाइल्ड कार्ड एंट्री, फिलीपींस के ट्रीट ह्यूई और इंडोनेशिया के क्रिस्टोफर रूंगकट ने बोपन्ना और फ्रेंचमैन एडौर्ड की जोड़ी को 3-6, 7-6 (2), 6-2 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटे 48 मिनट तक चला।

## छेत्री और टीम के अन्य साथियों ने भारत में हो रहे महिला एशियाई कप का समर्थन किया

**मुंबई।** कप्तान सुनील छेत्री और भारतीय पुरुष राष्ट्रीय टीम के अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों ने 20 जनवरी से यहां शुरू होने वाले एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) महिला एशियाई कप का समर्थन करते हुए इसके सितारों का देश में स्वागत किया।

छेत्री , राष्ट्रीय टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह, मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडीस, गोलकीपर धीरज सिंह और उभरते हुए स्टार लालंगमाविया राल्ते ने एक वीडियो संदेश के जरिये टूनार्मेंट के लिए अपना समर्थन और शुभकामनाएं दी। देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा गोल करने वाले छेत्री को भरोसा है कि भारत इस आयोजन का शानदार मेजबान साबित होगा। छेत्री ने मंगलवार को यहां जारी एक मीडिया बयान में कहा, एएफसी महिला एशियाई कप भारत 2022 एशिया में महिला राष्ट्रीय टीमों की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है। इसकी मेजबानी करना हमारे लिए गर्व की बात है। इस 37 साल के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि भाग लेने वाली सभी टीमें अपने शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करेंगी और एशिया के फुटबॉल प्रशंसकों को टेलीविजन इसका प्रसारण देखने में मजा आएगा। मैं सभी टीमों को शुभकामनाएं देता हूं और सर्वश्रेष्ठ टीम की जीत की कामना करता हूं।

इंडियन सुपर लीग 2019-2020 खिताब जीतने वाली एफसी गोवा टीम के सदस्य फर्नांडीस ने कहा, मैं सभी टीमों को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि हमारे देश में आपका गर्मजोशी से स्वागत होगा।

# एरिडाई के दमखम से ओडिशा एफसी ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को पीटा



**गोवा।** एरिडाई कैब्रेरा सुआरेज के दमदार प्रदर्शन की मदद से ओडिशा एफसी ने मंगलवार रात फतौर्डा स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए हीरो इंडियन प्रीमियर लीग (आईएसएल) 2021-22 के लीग मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 2-0 से हरा दिया। स्पेनिश विंगर एरिडाई को मैच का दूसरा गोल करने और पहले में असिस्ट करने के लिए हीरो ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इस जीत से ओडिशा अंक तालिका में नौवें से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। अंतरिम कोच किनो गार्सिया की टीम 11 मैचों में पांच जीत और एक ड्रा से 16 अंक अर्जित कर चुकी है। वहीं, आज की हार के कारण नॉर्थईस्ट यूनाइटेड दसवें स्थान पर बरकरार है। कोच खालिद जमील के हाईलैंडर्स 12 मैचों से मात्र नौ अंक ही जुटा सके हैं। उनके खाते में दो जीत और तीन ड्रा है। पिछली बार जब ये दोनों टीमें सीजन के पहले भाग में भिड़ी थीं, तो उसमें भी ओडिशा भारी पड़ी थी। ओडिशा ने 1-0 से वो मुकाबला जीता था।

मैच का पहला गोल 17वें मिनट में हुआ, जब डैनियल लाललिम्पुआ ने एक आसान अवसर पर स्कोर करके ओडिशा एफसी को 1-0 की बढ़त दिला दी। इस गोल में एरिडाई कैब्रेरा की भूमिका अहम रही। स्पेनिश विंगर बाएं फ्लैंक से तेजी हमला बनाते हुए नॉर्थईस्ट के डिफेंडर प्रोवत लाकड़ा को छकाने के बाद गेंद लेकर बॉक्स के अंदर घुसा और एक बेहतरीन क्रॉस डाला। वहां मौजूद डैनियल बस गेंद को हल्के से सही दिशा दिखानी थी, जिस पर उन्होंने राइट फुटर लगाकर गोल कर डाला। 22वें मिनट में ओडिशा की बढ़त 2-0 हो गई। इस बार गोल स्पेनिश विंगर एरिडाई कैब्रेरा ने खुद किया। जेवियर हेर्नांडेज ने बॉक्स के बाहर खुद को तीन डिफेंडरों से घिरा पाने के बाद बायीं तरफ बॉक्स अंदर के एरिडाई के लिए गेंद चिप की और स्पेनिश विंगर ने दाहिने पैर से गेंद को नियंत्रित करने के बाद सेकेंड पोस्ट की तरफ राइट फुटर शॉट लगाकर गोलकर डाला। इस गोल में नॉर्थईस्ट के गोलकीपर मिरशाद मिचु की गलती की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आगामी मैचों में अपनी गलतियों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे : जयदीप दहिया

**बेंगलुरू।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें संस्करण में शनिवार को दबंग दिल्ली केसी से 25-28 से हारने के बाद हरियाणा स्टीलर्स बुधवार को पुनेरी पलटन के खिलाफ वापसी करना चाहेगी। हरियाणा के डिफेंडर जयदीप दहिया ने कहा कि टीम पुनेरी पलटन के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा, "हम पिछले मैच के बाद निराश थे क्योंकि हम पूरे खेल में प्रतियोगिता में थे, लेकिन हमने मैच के आखिरी कुछ मिनटों में कुछ त्रुटियां कीं जो कि हमें हार की कीमत से चुकानी पड़ी। हम निश्चित रूप से अपनी गलतियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। हम पुनेरी पलटन का सामना करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं और हम मैच जीतने की पूरी कोशिश करेंगे जयदीप ने कहा कि हरियाणा स्टीलर्स महत्वपूर्ण क्षणों में अपनी गलतियों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।उन्होंने कहा, "हमारा संयोजन रेड और डिफेंस को ठीक से सेट करना है, लेकिन हम कुछ छोटी गलतियां कर रहे हैं जिससे हमारे लिए प्रतियोगिता में अधिक जीत दर्ज करना मुश्किल हो गया है। हम अपने आगामी मैचों के महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान अपनी गलतियों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।"

# जस्टिस उमर अता पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश होंगे



**इस्लामाबाद।** न्यामूर्ति उमर अता बंदियाल पाकिस्तान के नये मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति बंदियाल उन न्यायाधीशों में शामिल थे जिन्होंने वर्ष 2007 में पाकिस्तानी सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ की ओर से देश में आपातकाल की घोषणा के बाद दोबारा शपथ लेने से इनकार कर दिया था।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने सोमवार को औपचारिक रूप से शीर्ष अदालत के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति बंदियाल को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया। आगामी 2 फरवरी, 2022 को मुख्य न्यायाधीश गुलजार अहमद की सेवानिवृत्ति के बाद 63 वर्षीय न्यायमूर्ति बंदियाल नई जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके पहले न्यामूर्ति अहमद को 21 दिसंबर, 2019 को मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।

सोमवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया, ह्यह्यसंविधान के अनुच्छेद 177 और अनुच्छेद 175 (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान के राष्ट्रपति न्यायमूर्ति उमर अता बंदियाल के पाकिस्तान का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त होने पर खुश हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश बंदियाल की नियुक्ति 2 फरवरी, 2022 से प्रभावी होगी ह्लह्ल न्यायमूर्ति बंदियाल 16 सितंबर, 2023 तक मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवा देंगे। वह उन न्यायाधीशों में से एक थे जिन्होंने नवंबर 2007 के अनंतिम संवैधानिक आदेश (पीसीओ) के तहत अपनी शपथ फिर से लेने से इनकार कर दिया था, जब जनरल मुशर्रफ ने 3 नवंबर, 2007 को आपातकाल की घोषणा कर दी थी।

पाकिस्तान में न्यायपालिका और संवैधानिक शासन बहाल करने के लिए वकीलों और नागरिक समाज द्वारा चलाए गए एक अभूतपूर्व आंदोलन के बाद न्यायमूर्ति बंदियाल को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में बहाल किया गया था।

पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बंदियाल को अकेले सर्वोच्च अदालत में लंबित लगभग 51,766 मामलों के अंबार का सामना करना पड़ेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की न्यायपालिका में (उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों को मिलाकर) लंबित मामलों की कुल संख्या 21 लाख है।

# विरोध के डर से पाकिस्तानी सुरक्षा सलाहकार ने निरस्त की अफगानिस्तान यात्रा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) मोईद यूसुफ ने मंगलवार से दो दिन की होने वाली अफगानिस्तान यात्रा के अंतिम समय में निरस्त कर दी है। हालांकि यात्रा निरस्त होने के बारे में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई लेकिन माना जा रहा है कि पाकिस्तानी एनएसए को काबुल में भारी विरोध का सामना करना पड़ता जिसके चलते यह यह यात्रा रद्द की गई है।

एनएसए मोईद यूसुफ की इस यात्रा के दौरान पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर लगातार बढ़ रहा संघर्ष व अन्य मामलों को सुलझाया जाना था। इसके अलावा उन्हें अफगानिस्तान में मानवीय जरूरतों का आकलन कर मदद की समीक्षा भी करनी थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की चुनी हुई सरकार को हटाने में खुलकर तालिबान की मदद की थी, जिसके कारण वहां के नागरिकों में भारी आक्रोश है। वहां के नागरिकों मानना है कि सारी मुसीबतों का कारण पाकिस्तान ही है।

क्या है विवाद : पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सरहद मानी जाने वाली 2600 किलोमीटर लंबी डूरंड लाइन पर बाड़ लगाने को लेकर तालिबान व पाकिस्तान के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों तालिबान व पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष इस कदर बढ़ गया कि दोनों ओर से तोपों ने गोले उगले, जो आसपास के रिहायशी इलाकों तक जाकर गिरे। अब मंगलवार से दो दिवसीय काबुल यात्रा शुरू कर रहे पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ के सामने यह मसला भी बड़ी चुनौती के रूप में सामने रहेगा। वे तालिबान नेताओं से इस मसले पर चर्चा कर दोनों देशों के बीच सरहदों का तनाव खत्म करने की कोशिश करेंगे ।

उल्लेखनीय है कि दशकों से संघर्ष और अस्थिरता का सामना कर रहे अफगानिस्तान की सत्ता पर पिछले वर्ष अगस्त में तालिबान ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद से वहां संकट के बादल छाए हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ भी साफ कह चुका है कि तालिबान के हाथ में अफगानिस्तान की सत्ता आने के बाद वह देश भले ही स्थिर दिख रहा है किन्तु वहां अभी भी भुखमरी जैसे हालात हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ अपनी अफगानिस्तान यात्रा के दौरान वहां मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की तरीकों पर भी चर्चा करेंगे।

# बांग्लादेश की अभिनेत्री रायमा का बोरे में मिला शव, हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार



**ढाका।** शूटिंग के लिए रविवार को घर से निकलीं बांग्लादेश की अभिनेत्री राइमा इस्लाम शिमू का दो टुकड़े में शव एक बोरे में मिला है। पुलिस के अनुसार अभिनेत्री की हत्या उसके पति सखावत ने की है और दोस्त की मदद से शव को छिपा दिया था। पुलिस ने अभिनेत्री के पति और उसके ड्राइवर व दोस्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शिमू रविवार की सुबह मावा में शूटिंग के लिए घर से निकली थीं। इसके बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका था। शूटिंग वाली जगह पर भी वो नहीं पहुंची थीं। शाम तक घर नहीं लौटने के बाद परिवार वालों ने शिमू के लापता होने की घर पुलिस को दी। कालाबागान थाने में इस बात की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद राइमा का शव दो टुकड़े कर एक बोरे में मिला था।

ढाका पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मारुफ हुसैन सरदार ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में इस बात का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक शिमू की लाश ढाका शहर के केरानीगंज में आलियापुर इलाके में हजरतपुर ब्रिज के पास सड़क किनारे एक बोरे में मिली। पुलिस ने शक के आधार पर पति सखावत व अन्य से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार सखावत ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 35 साल कीअभिनेत्री के शरीर और गर्दन पर भी चोट के निशाना मिले हैं। पुलिस ने इस मामले में एक्ट्रेस के पति और उसके दोस्त समेत छह लोगों को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने कहा कि एक्ट्रेस के पति सखावत, ड्राइवर और दोस्त को तीन दिनों के लिए रिमांड पर लिया गया है। शिमू के लापता होने के बाद रविवार को उसके परिजनों ने कालाबागान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

# ब्रिटेन की कोर्ट ने विजय माल्या को दिया झटका, छोड़ना होगा लंदन का घर



**लंदन।** भारी भरकम रकम लेकर देश से भाग चुके उद्योगपति विजय माल्या को ब्रिटेन की अदालत ने बड़ा झटका दिया। अब उन्हें लंदन स्थित अपना घर छोड़ना पड़ेगा। कोर्ट के आदेश के बाद माल्या को पूरे परिवार के साथ आलीशान घर खाली करना होगा। घर पर कब्जा स्विस बैंक का होगा। माल्या की लंदन स्थित आलीशान घर से बेदखल किए जाने के आदेश पर रोक लगाने की अर्जी ब्रिटिश अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दी है। स्विस बैंक यूबीएस के साथ लंबे समय से जारी कानूनी विवाद में माल्या के इस घर को खाली कराने का आदेश दिया था। माल्या ने इस आदेश के अनुपालन पर रोक लगाने की मांग की थी। लंदन हाई कोर्ट के जज डिप्टी मास्टर ने पिछले हफ्ते माल्या के करोड़ों पाउंड के लग्जरी घर पर जबरन कब्जा करने के आदेश पर रोक लगाने पर फैसला सुरक्षित रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक विजय माल्या अपने बेटे सिद्धार्थ और मां ललिता के साथ वहां रहते हैं। अब उन्हें लक्जरी संपत्ति से बेदखल कर दिया जाएगा। स्विस बैंक यूबीएस कथित तौर पर 64 वर्षीय संकटग्रस्त व्यवसायी की प्रमुख संपत्ति कॉर्नवाल टेरेस अपार्टमेंट पर कब्जा कर लेगा, जो लंदन में रीजेंट पार्क में है।

# यूएई में ड्रोन हमले में मारे गये दो भारतीयों की पहचान हुई, छह घायलों में भी दो भारत के

**दुबई।** अबू धाबी के हवाई अड्डे के पास सोमवार को हूती विद्रोहियों के संदिग्ध ड्रोन हमलों में मारे गये दो भारतीयों की पहचान हो गयी है। भारतीय दूतावास ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हमलों के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में कई विस्फोट हुए। दूतावास ने बताया कि हमलों में घायल हुए छह लोगों में भी दो भारतीय हैं। दोनों को उपचार के बाद सोमवार रात को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

सोमवार को अबू धाबी में ड्रोन हमला करने का दावा यमन के हूती विद्रोहियों ने किया था। इस हमले में दो भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गयी थी।

विस्फोट छोटी-छोटी उड़ने वाली वस्तुओं के कारण हुए, जो संभवतः ड्रोन हो सकते हैं और ये अबू धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंकरों पर गिरे।

अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कहा कि मारे गये दोनों भारतीय नागरिकों की पहचान कर ली गयी है।

उसने ट्वीट किया, अबू धाबी में भारतीय दूतावास के अधिकारी उनके परिवारों के साथ संपर्क में हैं। मिशन उनके शव जल्द प्राप्त करने के लिए एडीएनओसी समेत यूएई के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि, दूतावास ने उनकी पहचान उजागर नहीं की है। उसने ट्वीट किया, छह घायलों में दो भारतीय नागरिक हैं। उन्हें कल रात उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। हम यूएई सरकार, उनके विदेश मंत्रालय और एडीएनओसी समूह के समर्थन के लिए उनका शुक्रिया अदा करते हैं।

एडीएनओसी (अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी) सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनी है।

## हवाई हमले में हाउदी कमांडर मेजर जनरल अब्दुल्लाह कासिम अल जुनैद की मौत

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाउदी विद्रोहियों के हमले में दो भारतीयों सहित तीन लोगों की मौत का बदला ले लिया गया है। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के नेतृत्व वाली अरब गठबंधन सेना ने यमन की राजधानी साना के उत्तरी इलाके पर जोरदार हवाई हमला किया, जिसमें हाउदी कमांडर मेजर जनरल अब्दुल्लाह कासिम अल जुनैद की मौत हो गयी। ईरान समर्थक हाउदी विद्रोहियों ने यूएई की राजधानी अबूधाबी पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया था। इसमें 2 भारतीयों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी। विद्रोहियों के हमले में तीन तेल टैंकरों में विस्फोट होने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मुख्य हवाई अड्डे के विस्तार पटल पर आग लग गयी थी। इस हमले के बदला लेने के लिए अरब सेना के फाइटर जेट ने यमन की राजधानी साना के उत्तरी इलाके में जोरदार हवाई हमला किया। इसमें हाउदी विद्रोहियों द्वारा लांच किये गए आठ ड्रोन नष्ट कर दिए गए। साथ ही हाउदी विद्रोहियों के बड़े नेता माने जाने वाले मेजर जनरल अब्दुल्लाह कासिम अल जुनैद भी मार गिराया गया। हाउदी विद्रोहियों का मुख्य दुश्मन सऊदी अरब को माना जाता है क्योंकि वह इनके खिलाफ लड़ने के लिए खाड़ी देशों के एक गठबंधन का नेतृत्व कर रहा है। संयुक्त अरब अमीरात भी यमन के गृह युद्ध में हाउदी विद्रोहियों के खिलाफ गठबंधन में सऊदी अरब के साथ मिल कर लड़ाई लड़ रहा है।

## मोरक्को में समुद्र तट पर पलटी नाव, तीन बच्चों सहित 43 की मौत

**रबात।** दक्षिण मोरक्को के तारफाया कस्बे के समुद्री तट पर एक नाव पलटने से 43 लोगों की जान चली गयी। मरने वालों में तीन बच्चे शामिल हैं। नाव पलटने की जानकारी मिलने पर पहुंचे बचाव दल ने दस लोगों की जान बचाई है। अभी बचाव कार्य जारी हैं।

बेहतर जीवन जीने की आसपास में आसपास के देशों से लोग समुद्र के रास्ते से यूरोप जाते हैं। उत्तर अफ्रीकी देश मोरक्को से होकर ऐसे प्रवासी श्रमिक यूरोप के तटों की ओर रुख करते हैं, ताकि उन्हें वहां बेहतर जीवन जीने के अवसर मिल सके। समुद्र तट पर पलटी नाव में सवार प्रवासी भी स्पेन के कैनेरी द्वीप जा रहे थे। यह द्वीप दक्षिण मोरक्को के समुद्र तटीय कस्बे तारफाया से 100 किलोमीटर दूर है।

स्पेन के संगठन कैमिनांडो फ्रोंटेरास ने जानकारी दी कि कैनेरी द्वीप जा रही नाव तारफाया के पास समुद्र तट पर पलट गयी। हादसे के शिकार लोगों ने बचाव की गुहार लगाई तो मोरक्को सरकार की ओर से बचाव व राहत दल भेजा गया। बचाव की गुहार लगाने के समय तक नाव का प्रबंधन दो घंटे तक संचार व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम था। मोरक्को सरकार के अधिकारियों को नाव का पता लगाने व राहत कार्य शुरू करने में घंटों लगे। फिर भी पलटी नाव के मलबे से दस लोगों को बचा लिया

## तालिबान राज में पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच व्यापार में गिरावट

**काबुल।** अफगानिस्तान में चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने में तालिबान की मदद करने वाले पाकिस्तान को फिलहाल लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के व्यापार में गिरावट आई है। दोनों देशों के बीच इस साल व्यापार में 26 फीसदी की कमी देखने को मिली है। इससे इतर अफगानिस्तान का ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के साथ व्यापार बढ़ा है। अफगानिस्तान चैंबर आफ कामर्स एंड इन्वेस्टमेंट (एसीसीआइ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अफगानिस्तान इस साल अब तक इन तीन देशों को 3.3 करोड़ डालर का निर्यात, जबकि दो अरब डालर का आयात कर चुका है। एसीसीआई ने पाकिस्तान के साथ हुए आयात-निर्यात का आंकड़ा जारी नहीं किया, लेकिन बताया कि इस साल दोनों देशों के बीच व्यापार में काफी कमी दर्ज की जा रही है। इसके पीछे की वजह पाकिस्तान के बैंकों के सख्त नियम और आयात-निर्यात के लिए परिवहन की समस्या है।

एसीसीआई के कार्यकारी चेयरमैन मोहम्मद युनुस मोहमंद ने कहा कि इस साल मध्य एशिया से हमारा आयात दो अरब डालर था। इस बीच अफगानिस्तान पाकिस्तान ज्वाइंट चैंबर आफ कामर्स के अधिकारियों ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार में 26 फीसद तक की कमी आई है। चैंबर के प्रमुख नकीबुल्लाह सफी ने कहा कि इसके कई कारण हैं। पहला बंदरगाह पर सामानों के परिवहन में कठिनाई, दूसरा पाकिस्तान के बैंकिंग सिस्टम द्वारा व्यापार पर सिलसिलेवार प्रतिबंध, जिससे अफगानिस्तान में आयात में कमी आई। उधर, वित्त मंत्रालय ने बताया कि तालिबान के सत्ता पर काबिज होने से मध्य एशिया व दक्षिण एशिया के बीच ट्रेड व ट्रांजिट के कारण देश के उत्तर में कस्टम रेवेन्यू बढ़ गया। एसीसीआई ने आगे कहा कि इस साल अफगानिस्तान के आयात में कमी देश में बेरोजगारी, गरीबी और आर्थिक दिक्कतों के कारण हुई।

## दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति सऊदी अरब पहुंचे

**रियाद।** दक्षिण कोरिया के नेता मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचे, जहां रियाद में राजकुमार द्वारा उनका स्वागत किया गया।

यह दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन और उनकी पत्नी द्वारा मध्यपूर्व के दौरे पर दूसरा पड़ाव था। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति का राजकुमार (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान और ऑनर गार्ड मार्चिंग बैंड द्वारा स्वागत किया

सभी लोगों ने मास्क लगाया गया हुआ था और राष्ट्रपति मून ने कोरोना वायरस नियमों के तहत राजकुमार से हाथ नहीं मिलाया।

मोहम्मद बिन सलमान ने अपने पिता सलमान से सऊदी अरब शासन के दिन-प्रतिदिन के कामकाज को बड़े पैमाने पर संभाल लिया है।

मून संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के बाद सऊदी अरब की यात्रा पर आये हैं।

# सूडान में आपातकाल पर भारत चिंतित, संयुक्त राष्ट्र में समाधान खोजने पर जोर



**न्यूयार्क।** सूडान में सैन्य प्रशासन द्वारा आपातकाल लागू किये जाने के बाद वहां की राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भारत चिंतित है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में भारतीय स्थायी मिशन के काउंसलर प्रतीक माथुर ने सूडान में परस्पर स्वीकार्य समाधान खोजने पर जोर दिया।

प्रतीक माथुर ने कहा कि सूडान के प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक का इस्तीफा देश की अंदरूनी चुनौतियों को स्पष्ट रूप से दशार्ता है।

ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सूडान को संयुक्त राष्ट्र के सुझावों के अनुरूप राजनीतिक प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य राजनीतिक व सामाजिक अस्थिरता की स्थिति से उबारना और पूरी व्यवस्था को पटरी पर लाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि सभी पक्ष परस्पर स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए अन्य मुद्दों पर भी बात करते रहें।

इससे पूर्व अफ्रीकी संघ में राजनीतिक मामलों के आयुक्त (शांति एवं सुरक्षा) बैंकोले अदेओय ने सूडान के सभी पक्षों से किसी भी प्रकार की हिंसा से बचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सूडान की स्थिरता, शांति और समृद्ध पर ध्यान केंद्रित किये जाने की जरूरत है। अदेओय ने सूडान में चल रहे राजनीतिक संकट के समाधान के लिए इस प्रक्रिया में शामिल सभी पक्षों व हिताधारकों द्वारा ईमानदारी से मजबूत प्रयास किये जाने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि सूडान के सशस्त्र बलों के जनरल कमांडर अल-बुरहान ने 25 अक्तूबर 2021 को संप्रभु परिषद और सरकार को भंग कर आपातकाल की घोषणा कर दी थी। तब से सूडान राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है।

# सबसे महत्वाकांक्षी शहरी नवाचारों को मान्यता देने की विश्वव्यापी प्रतियोगिता के 15 विजेताओं में राउरकेला शामिल

**न्यूयॉर्क।** भारत का औद्योगिक शहर राउरकेला प्रतिष्ठित विश्वव्यापी नवोन्मेष प्रतियोगिता के 13 देशों के 15 विजेताओं में से एक है।

इस प्रतियोगिता में वैश्विक कोविड-19 महामारी से उबरने के लिए सबसे साहसिक एवं सबसे महत्वाकांक्षी शहरी नवाचारों को डिजाइन करने के लिए शहरों को मान्यता दी गई।

ह्यब्लूमबर्ग फिलेनथ्रोपीजह्न द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ह्न 2021-22 के ग्लोबल मेयर्स चैलेंज के 15 विजयी शहरों की मंगलवार को घोषणा की। ह्यग्लोबल मेयर्स चैलेंजह्न वैश्विक नवाचार प्रतियोगिता का पांचवां संस्करण जो शहरों के सबसे आशाजनक विचारों का समर्थन और प्रसार करता है।

प्रतियोगिता में 99 देशों के करीब 631 शहरों ने हिस्सा लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि ओडिशा में राउरकेला ने ह्नमहिला खाद्य विक्रेताओं को सशक्त बनाने, भोजन की बबार्दी को कम करने और ताजा खाद्य पदार्थों तक पहुंच बढ़ाने के लिए महिला सहकारी समितियों को कोल्ड-स्टोरेज इकाइयांह्नह्न उपलब्ध करने के लिए सम्मान हासिल किया।

प्रत्येक विजेता शहर को 10 लाख डॉलर और कई वर्षों तक तकनीकी समर्थन दिया जाएगा। अन्य विजेता अम्मान (जॉर्डन); बोगोटा (कोलंबिया); बुटुआन, (फिलीपीन); फ्रीटाउन (सिएरा लियोन); हर्मोसिलो (मेक्सिको); इसतांबुल, (तुर्की); किगाली (रवांडा); कुमासी (घाना); पैटर्सन (अमेरिका); फीनिक्स (अमेरिका); रोचेस्टर (अमेरिका); रॉटरडैम (नीदरलैंड); विल्नियस, (लिथुआनिया); और वेलिंगटन (न्यूजीलैंड) हैं।

ब्लूमबर्ग फिलेनथ्रोपीज के संस्थापक और ब्लूमबर्ग एलपी और न्यूयॉर्क सिटी के 108वें मेयर माइकल आर ब्लूमबर्ग ने कहा, ह्नजैसा कि दुनिया चल रही महामारी के गहन सार्वजनिक स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभावों से निपटने के लिए काम करती है, शहर नवीन विचारों को उस गति से लागू कर सकते हैं जो राष्ट्रीय सरकारें आसानी से मेल नहीं खा सकती हैं।

15 विजयी शहरों ने सामूहिक रूप से तीन करोड़ निवासियों से अधिक का प्रतिनिधित्व किया। विजेता अब 10 लाख डॉलर के अनुदान और मजबूत तकनीकी सहायता के साथ तीन साल की कार्यान्वयन अवधि में प्रवेश करेंगे।

# श्रीलंका में खाने की कमी से भुखमरी की शिकार हो रही जनता, बच्चे उपवास को मजबूर

**कोलंबो।** श्रीलंका की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के चलते लोगों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चीन के कर्ज और कोरोना महामारी ने बाकी कसर पूरी कर दी है। देश में आवश्यक वस्तुओं के दाम इस कदर बढ़ चुके हैं कि बच्चों को एक वक्त का खाना नसीब नहीं हो पा रहा है। देश में खाद्य संकट गहराता जा रहा है, लोग भुखमरी का शिकार हो रहे हैं। आलम यह है कि मां अपने बच्चों से उपवास और रोजा का बहाना बनाने लगी है। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के खाद्य वस्तुओं के दाम आसमान पर है, महंगाई अपने चरम पर है। हरी मिर्च का भाव श्रीलंका में 700 रुपये किलो पहुंच गया है तो वहीं सिर्फ जनवरी महीने में देश में खाद्य वस्तुओं के दाम में 15 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। लोगों को ठीक से एक वक्त का खाना तक नहीं नसीब हो रहा है। राजधानी कोलंबो से सटे इलाके में रहने वाली फातिमा अरूज की कहानी दिल को दहला देती है। यह कहानी श्रीलंका में बिगड़ते हालात की एक तस्वीर पेश करता है।

फातिमा ने बताया कि देश में बढ़ती भुखमरी के संकट के बीच उसने अपने बच्चों को झूठ बोलकर शांत कराया है। फातिमा ने कहा कि उसने खाना न मिलने पर अपने बच्चों से कहा है कि यह रमजान का महीना चल रहा है इसलिए हम सबने उपवास रखा है। फातिमा ने कहा कि हमने अपने बच्चों को रमजान का महीना बता चुप कराया है इसलिए आप लोग कुछ भी मत बताइएगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506